वर्ष : 34 | अंक : 261 | मुंबई, शुक्रवार, 28 नवंबर 2025 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल | संरक्षक : एन. के. पुरोहित

# DBD दो बजे दोपहर

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र के पालघर जिले में होने वाले डहाणू नगर परिषद चुनाव को लेकर सत्तारूढ़ महायुति में तनाव चरम पर पहुंच गया है। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के बीच जारी खींचतान अब सार्वजनिक मंचों पर तीखे वार-पलटवार में बदल चुकी है। दोनों नेता एक ही गठबंधन में हैं लेकिन चुनावी रैलियों में एक-दूसरे को घेरने में कोई कमी नहीं छोड़ रहे। पिछले हफ्ते दहानू में एकनाथ शिंदे ने भाजपा उम्मीदवार को अहंकारी, रावण जैसा बताते हुए कहा था कि रावण भी अहंकारी था, इसलिए उसकी लंका जली। इस पर फडणवीस ने पलटवार करते हुए कहा कि हमारा उम्मीदवार भरत है और भरत राम का भाई। लंका तो वैसे भी भरत ही जलाएगा। फडणवीस का तंज सीधा था लेकिन उन्होंने शिंदे का नाम लिए बिना जवाब दिया। भले ही फडणवीस ने शिंदे का नाम नहीं लिया लेकिन राजनैतिक पंडित इसे शिंदे बनाम फडणवीस शीतयुद्ध का अगला पड़ाव कह रहे हैं। गुरुवार को अब इसमें ताजा मामला जुड़ गया। अब नए विवाद में भाजपा कोटे से राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने शिवसेना विधायक नीलेश राणे द्वारा भाजपा के एक कार्यकर्ता के घर स्टिंग ऑपरेशन करने पर आपत्ति जताई है और पार्टी कार्यकर्ता के घर में घुसने पर सवाल उठाया है। वहीं बीजेपी विधायक तानाजी मुटकुले ने आरोप लगाया कि शिंदे गुट शिवसेना के विधायक संतोष बांगड़ ने 2022 में उद्धव ठाकरे गुट छोड़कर शिंदे खेमे में जाने के लिए 50 करोड़ रुपये लिए थे।

- स्टिंग ऑपरेशन पर भी भिड़ीं बीजेपी और शिंदे सेना
- भाजपा विधायक ने सहयोगी शिवसेना विधायक पर 2022 में पाला बदलने के लिए पैसे लेने का लगाया आरोप

### निकाय चुनाव से पहले पैसे बांटने का विवाद

शिवसेना नेता नीलेश राणे ने बुधवार को आरोप लगाया था कि दो दिसंबर को होने वाले स्थानीय निकाय चुनावों से पहले महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले के मालवण में भाजपा के एक कार्यकर्ता के घर पर मतदाताओं को बांटने के लिए रखे गए नकदी से भरे बैग मिले हैं। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की पार्टी से जुड़े नीलेश राणे ने एक "स्टिंग ऑपरेशन" करने का दावा किया। उन्होंने यह भी दावा किया कि राज्य भाजपा प्रमुख रवींद्र चव्हाण ने दो दिन पहले मालवण का दौरा किया था।

### सहयोगियों के बीच तनाव और बढ़ा

भाजपा द्वारा इन आरोपों का खंडन करने के बाद राज्य सरकार में दोनों सहयोगियों के बीच तनाव और बढ़ गया है। शिवसेना विधायक के पिता नारायण राणे और भाई नितेश राणे भाजपा में हैं। इस मामले पर बृहस्पतिवार को पत्रकारों से बात करते हुए बावनकुले ने कहा, ''यह भी पूछा जाना चाहिए कि क्या किसी के घर में सीधे घुसना, उसके शयनकक्ष में जाना और फिर यह दावा करना उचित है कि यह स्टिंग ऑपरेशन का हिस्सा है।''



महाराष्ट्र में 'लंका' वाली लड़ाई

# सीएम फडणवीस और डीसीएम शिंदे के बीच शीत युद्ध

**दो भाइयों में भी रार**

## अब स्टिंग ऑपरेशन पर भाजपा और शिंदे सेना तकरार

महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ गठबंधन महायुति के दो घटक दलों यानी भाजपा और उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना के बीच कलह थमने का नाम नहीं ले रही है। अब नए विवाद में भाजपा कोटे से राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने शिवसेना विधायक नीलेश राणे द्वारा भाजपा के एक कार्यकर्ता के घर स्टिंग ऑपरेशन करने पर आपत्ति जताई है और पार्टी कार्यकर्ता के घर में घुसने पर सवाल उठाया है। हालांकि, बावनकुले ने बृहस्पतिवार को कहा कि सिंधुदुर्ग में भाजपा के एक कार्यकर्ता के घर से कथित तौर पर मतदाताओं को बांटने के लिए रखी गई नकदी की जब्ती में यदि कोई गड़बड़ी पाई जाती है तो वह सख्त कानूनी कार्रवाई का समर्थन करते हैं।

### मामले की गहन जांच होनी चाहिए

भाजपा नेता ने कहा कि उन्हें समझ नहीं आ रहा कि नीलेश राणे ने ऐसा व्यवहार क्यों किया और उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किसी के शयनकक्ष में जाना ''थोड़ा अनुचित'' है। राणे के इस आरोप का ज़िक्र करते हुए कि मतदाताओं को बांटने के लिए रखे गए पैसों से भरे बैग भाजपा कार्यकर्ता के घर से मिले थे, बावनकुले ने कहा कि इस मामले की गहन जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा, ''यह पैसा एक भाजपा कार्यकर्ता के घर से बरामद हुआ था और प्राथमिकता यह पता लगाने की है कि इसका संबंध किसी व्यावसायिक गतिविधि से था, संपत्ति के लेन-देन से या किसी और चीज से।''

### छोटे राणे ने बड़े राणे के आरोप खारिज किए

इस बीच, नितेश राणे ने अपने भाई के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि कई राजनीतिक कार्यकर्ताओं के 'क्रशर', होटल या अन्य वाणिज्यिक गतिविधियां व व्यवसाय हैं। उन्होंने कहा कि किसी राजनीतिक दल का कार्यकर्ता बनने से पहले हम में से ज़्यादातर लोगों के पास कोई न कोई व्यवसाय या आय के स्रोत जरूर थे। किसी को भी सिर्फ़ इसलिए भाजपा को बदनाम करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए क्योंकि हमारे कार्यकर्ता के घर से कुछ नकदी मिली है। मुझे हमारे कार्यकर्ता के घर से कुछ नकदी मिलने में कोई समस्या नहीं दिखती।'

## 'सरकार गिराने के लिए शिवसेना MLA ने लिए 50 करोड़ रुपये'

### बीजेपी विधायक तानाजी मुटकुले ने किया दावा



**हिंगोली।** महाराष्ट्र की महायुति सरकार में सहयोगी दलों के बीच तनातनी फिर सामने आ गई है। बीजेपी विधायक तानाजी मुटकुले ने दावा किया कि शिंदे गुट शिवसेना के विधायक संतोष बांगड़ ने 2022 में उद्धव ठाकरे गुट छोड़कर शिंदे खेमे में जाने के लिए 50 करोड़ रुपये लिए थे। बीजेपी, शिंदे गुट शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी राज्य में मिलकर सत्ता चला रही हैं।

### कलमनुरी सीट पर राजनीतिक वफ़ादारी बदलने का आरोप

हिंगोली से बीजेपी विधायक मुटकुले ने कहा कि संतोष बांगड़ ने 2022 के राजनीतिक संकट के दौरान पैसे लेकर पक्ष बदला। उन्होंने दावा किया कि बांगड़ "बिना पैसे कोई काम नहीं करते" और पहले उद्धव ठाकरे के साथ बने रहने की अपील करते थे, लेकिन रातों-रात अपनी भूमिका बदल ली। जब पूछा गया कि वे सहयोगी पार्टी के विधायक पर आरोप क्यों लगा रहे हैं, तो उन्होंने कहा कि बांगड़ उनकी विचारधारा से मेल नहीं खाते और कभी उनके साथी नहीं हो सकते।

# बदलापुर-कर्जत तीसरी-चौथी लाइन को कैबिनेट की मंज़ूरी



**मुंबई उपनगरीय तंत्र में आएगा बड़ा सुधार**

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई महानगर क्षेत्र के यात्रियों के लिए बड़ी राहत देने वाली खबर सामने आई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने बदलापुर-कर्जत तीसरी और चौथी लाइन परियोजना को 26 नवंबर को मंज़ूरी दे दी है। लगभग 2,781 करोड़ रुपये की दो महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं में शामिल यह लाइन मुंबई-चेन्नई हाई डेंसिटी नेटवर्क का हिस्सा होगी, जो पश्चिमी और दक्षिणी भारत को जोड़ने वाले प्रमुख मार्ग के रूप में विकसित होगी। इसकी पुष्टि मध्य रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. स्वप्निल नीला ने की।

### परियोजना की खासियत और लागत

32 किलोमीटर लंबी इस परियोजना में 8 बड़े पुल, 106 छोटे पुल, एक रोड अंडरब्रिज और 6 स्टेशन शामिल होंगे। कुल लागत 1,324 करोड़ रुपये है, जिसे रेलवे और महाराष्ट्र सरकार 50:50 अनुपात में साझा करेंगे। यह लाइन कल्याण-कर्जत मार्ग पर भारी ट्रैफिक दबाव को कम करेगी और उपनगरीय रेल संचालन को अधिक सुगम बनाएगी।

### दैनिक 15 लाख यात्रियों को सीधा लाभ

डॉ. नीला के अनुसार, इस परियोजना के पूरा होने से मुंबई उपनगरीय तंत्र की क्षमता में बड़ा इजाफा होगा और प्रतिदिन लगभग 15 लाख यात्रियों को इसका लाभ मिलेगा। नई तीसरी और चौथी लाइन से ट्रेनों की समयबद्धता सुधरेगी तथा गाड़ियों के संचालन में उल्लेखनीय सुधार होगा। पनवेल के बाद अब कर्जत क्षेत्र भी तेजी से विकसित होने की दिशा में आगे बढ़ेगा।

### काम की प्रगति और ट्रेन सेवाओं में सुधार

कल्याण-बदलापुर सेक्शन में कार्य तीव्र गति से जारी है और मार्च 2026 तक पनवेल-कर्जत सेक्शन के पूरा होने की उम्मीद है। इसके अलावा मार्च तक नई लोकल ट्रेनों की शुरुआत की संभावना है। उपनगरीय तंत्र को मजबूत करने के लिए 15 डिब्बों की क्षमता वाले प्लेटफॉर्मों का विस्तार किया जा रहा है। 34 में से 27 स्टेशनों पर कार्य दिसंबर तक पूरा होगा, जबकि शेष 7 का काम मार्च 2026 तक समाप्त होगा। सीएसटी और ठाणे जैसे प्रमुख स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म विस्तार तेजी से चल रहा है।

### पर्यावरण व आर्थिक लाभ

परियोजना से हर वर्ष 7.2 मिलियन टन अतिरिक्त माल परिवहन संभव होगा। इससे 41 लाख लीटर डीज़ल की बचत और 46.2 करोड़ रुपये की रसद लागत में कमी आएगी। साथ ही 2 करोड़ किलोग्राम कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी होगी, जो लगभग 8 लाख पेड़ लगाने के बराबर पर्यावरणीय प्रभाव पैदा करेगी।

### नई लोकल ट्रेनें और रैक

मध्य रेलवे 15 डिब्बों वाली 20 नई लोकल ट्रेनों को चलाने की तैयारी कर रहा है। वहीं MRVC अगले साल के अंत तक 232 नए रैक उपलब्ध कराएगा। यह परियोजना PM गति-शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक दक्षता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## वायु प्रदूषण को लेकर हाई कोर्ट सख्त

**मुंबई।** बॉम्बे उच्च न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि अधिकारी महानगर में वायु प्रदूषण के लिए इथियोपिया में ज्वालामुखी विस्फोट से उत्पन्न राख के बादलों को जिम्मेदार नहीं ठहरा सकते। अदालत ने साफ कहा कि मुंबई का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) ज्वालामुखी फटने से पहले से ही खराब था। फिलहाल



अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई शुक्रवार के लिए तय की है। मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड की पीठ उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी जो 2023 से लंबित हैं, और जिनमें मुंबई की खराब होती वायु गुणवत्ता को लेकर कार्रवाई की मांग की गई है। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ वकील दुष्यंत खंभाटा और जनक द्वारका दास ने तर्क दिया कि इस महीने मुंबई का एक्यूआई लगातार 300 से ऊपर रहा है, जो खतरनाक स्तर माना जाता है।

## मुंबई में विज्ञापनों के लिए BMC ने जारी की नई होर्डिंग पॉलिसी

डीबीडी संवाददाता | मुंबई




बृहन्मुंबई महानगरपालिका ने मुंबई महानगरपालिका क्षेत्र में विज्ञापनों के लिए नई हॉर्डिंग पॉलिसी जारी की है। आउटडोर विज्ञापन के लिए जारी 2025 की पॉलिसी के अनुसार 40 स्क्वॉयर फीट से बड़े होर्डिंग नहीं लगाए जा सकेंगे। घाटकोपर में 13 मई 2024 को 120 स्क्वॉयर फीट की विशालकाय होर्डिंग गिर गयी थी। इसके चपेट में आने से 17 लोगों की मौत हो गयी थी और 70 लोग घायल हुए थे। इस दुर्घटना की जांच की गई और उसके बाद नई होर्डिंग पॉलिसी बनाने के आदेश मुम्बई महानगरपालिका को दिए गए थे। जांच समिति की सिफारिशों के बाद अब बीएमसी ने नई होर्डिंग पॉलिसी की घोषणा की है। नई होर्डिंग गाईड लाइन में कई तरह के बदलाव किए गए हैं।

### अब ये करने की अनुमति नहीं

नई पॉलिसी के तहत मुम्बई शहर में अब 40×40 फीट से बड़े आकार के विज्ञापन होर्डिंग्स लगाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके साथ ही फुटपाथ तथा इमारतों की छतों पर विज्ञापन प्रदर्शित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। डिजिटल विज्ञापन फलकों (डिजिटल होर्डिंग्स) की चमक (ल्यूमिनेंस रेशियो) 3:1 के अनुपात से अधिक नहीं रखी जा सकेगी।

### इन जगहों पर विज्ञापन लगाने की अनुमति

मॉल्स, मल्टीप्लेक्स, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, कमर्शियल बिल्डिंग्स तथा पेट्रोल पंपों पर एलईडी विज्ञापन प्रदर्शित किए जा सकेंगे। इसके अलावा, निर्माणाधीन तथा मरम्मत कार्य चल रहे बिल्डिंग के कंपाउंड वॉल और इमारतों के बाहरी हिस्सों पर व्यावसायिक एवं अव्यावसायिक दोनों तरह के विज्ञापन प्रदर्शित किए जा सकेंगे।

## महाराष्ट्र में एक करोड़ 'लखपति दीदी' बनाने का टारगेट: फडणवीस

**संभाजीनगर।** महाराष्ट्र सरकार महिलाओं के लिए लाड़की बहन स्कीम जारी रखेगी। साथ ही अगले दो साल में एक करोड़ 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को यह बात कही। फडणवीस अहमदपुर,



उदगीर, रेनापुर और दूसरे सिविक बॉडी चुनावों के लिए महायुति के उम्मीदवारों की कैंपेनिंग के दौरान एक रैली को संबोधित कर रहे थे। अलग-अलग म्युनिसिपल काउंसिल और दूसरी लोकल बॉडी के चुनाव 2 दिसंबर को होने हैं। सरकार की फ्लैगशिप लड़की बहन स्कीम के तहत, एलिजिबल महिलाओं को हर महीने 1,500 रुपये की मदद दी जाती है। फडणवीस ने कहा, सरकार अब सिर्फ 'लड़की बहन' स्कीम पर ही नहीं रुकेगी और उसका टारगेट एक करोड़ 'लखपति दीदी' बनाना है। आधा टारगेट इसी साल पूरा हो जाएगा। हम बाकी टारगेट अगले दो साल में पूरा कर लेंगे।

**ऐतिहासिक** हॉस्पिटल गरीब और मध्यमवर्गीय मरीजों के लिए जीवनरेखा बना ठाणे सिविल हॉस्पिटल

# अस्थाई स्थान पर शिफ्ट होने के बावजूद सात महीनों में 4271 सफल सर्जरी

- पूरी टीम को जाता है श्रेयः सिविल सर्जन डॉ पवार

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

ठाणे सिविल हॉस्पिटल उन हज़ारों गरीब और मध्यमवर्गीय मरीजों के लिए सच्ची जीवनरेखा बना हुआ है, जो महंगे इलाज का खर्च वहन नहीं कर सकते। वागले इस्टेट में अस्थाई इमारत में स्थानांतरित होने के बावजूद, अस्पताल ने मरीजों की सेवाओं में कोई कमी नहीं आने दी और पिछले सात महीनों में कुल 4271 सर्जरी सफलतापूर्वक की हैं। इनमें 2326 मेजर और 1945 माइनर सर्जरी शामिल हैं। अस्पताल में रोज़ाना 500 से 600 मरीज इलाज के लिए आते हैं। डिस्ट्रिक्ट सर्जन डॉ. कैलाश पवार और एडिशनल डिस्ट्रिक्ट सर्जन डॉ. धीरज महानगड़े के मार्गदर्शन में हर महीने 550-600 सर्जरी की जा रही हैं।



> "भले ही अस्पताल अस्थाई ढांचे में काम कर रहा है, लेकिन हमारा लक्ष्य मरीजों को बिना किसी रुकावट के सेवा प्रदान करना है। अप्रैल से अक्टूबर के बीच की गई साढ़े चार हज़ार से अधिक सर्जरी हमारी टीम की मेहनत, सेवा-भाव और प्रतिबद्धता का परिणाम है।
>
> **डॉ. कैलाश पवार, सिविल सर्जन**
> **ठाणे सिविल हॉस्पिटल**

### कई प्रकार की जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न

अस्पताल में सिजेरियन (LSCS), लैपरोटॉमी, हर्निया रिपेयर, ऑर्थोपेडिक, डेंटल, ईएनटी (कान-नाक-गला) सहित कई महत्वपूर्ण सर्जरी नियमित रूप से की जा रही हैं। माइनर प्रक्रियाओं में डीब्राइडमेंट, चीरा-ड्रेनेज और दूसरी आवश्यक सर्जरी शामिल हैं।

### 78 वर्षीय महिला की ब्रेस्ट ट्यूमर सर्जरी बनी मिसाल

अस्पताल ने 78 वर्षीय महिला की जटिल गांठ हटाने की सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी की, जिससे उन्हें ब्रेस्ट कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से छुटकारा मिला। यह ऑपरेशन सिविल अस्पताल की विशेषज्ञता और संसाधनों का उदाहरण माना जा रहा है।

### 20 वर्षीय युवक की 'गाइनेकोमेस्टिया' रिडक्शन सर्जरी

पहली बार अस्पताल ने 20 वर्षीय युवक में हार्मोनल बदलाव के कारण हुई गाइनेकोमेस्टिया (छाती में अनावश्यक वृद्धि) की जटिल रिडक्शन और लिपोसक्शन सर्जरी की। यह ऑपरेशन, जो निजी अस्पतालों में बहुत महंगा होता है, यहाँ बेहद कम खर्च में सफलतापूर्वक किया गया।

### विशेष आवश्यकता वाले युवाओं की भी मदद

अस्पताल ने ताहिर नामक एक विशेष आवश्यकता वाले (बहरा और मानसिक रूप से विकलांग) युवक की जटिल मोतियाबिंद सर्जरी कर उसकी दृष्टि वापस दिलाई। कई अस्पतालों ने इस केस को अत्यधिक जोखिम भरा बताकर अस्वीकार कर दिया था, लेकिन सिविल अस्पताल ने चुनौती स्वीकार की और ऑपरेशन सफल रहा।

## असम में बहुविवाह बिल पास



- एक से ज्यादा शादी की तो 10 साल की जेल
- सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी, निकाय चुनाव नहीं लड़ पाएंगे

एजेंसी | गुवाहटी

विधानसभा ने मंगलवार को एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए असम बहुविवाह निषेध विधेयक, 2025 को पास कर दिया। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा द्वारा पेश किया गया यह बिल राज्य में बहुविवाह की प्रथा को समाप्त करने और इसे कानूनी रूप से दंडनीय अपराध घोषित करने की दिशा में सबसे बड़ा विधायी प्रयास माना जा रहा है। बिल के पक्ष में बहुमत से मतदान किया गया और इसके साथ ही असम उन राज्यों में शामिल हो गया है जहां बहुविवाह पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए कठोर प्रावधान लागू किए गए हैं। सदन में पेश किए गए दस्तावेजों के अनुसार, इस कानून का उद्देश्य राज्य में बहुविवाह की प्रथा को समाप्त करना, महिलाओं को होने वाले मानसिक, सामाजिक और आर्थिक उत्पीड़न से बचाना और विवाह संबंधों को एक स्पष्ट कानूनी ढांचे में लाना है। बिल में कहा गया है कि किसी भी व्यक्ति द्वारा दूसरी शादी करना, जबकि पहली शादी अभी भी कानूनी रूप से वैध है, अब सीधे तौर पर अपराध माना जाएगा। ऐसी स्थिति में आरोपी को सात साल तक की कैद और जुर्माना झेलना होगा।

न्यूज़ ब्रीफ

### उल्हासनगर के स्कूलों में महापरिनिर्वाण दिवस पर अवकाश घोषित करने की मांग

**उल्हासनगर।** 6 दिसंबर को भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस पूरे देश में सामाजिक न्याय, समानता, भाईचारे और संवैधानिक मूल्यों के स्मरण के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर सरकारी कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में श्रद्धांजलि कार्यक्रम और जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना विधि विभाग के जिला अध्यक्ष एडवोकेट कल्पेश माने ने उल्हासनगर महानगरपालिका प्रशासन से अनुरोध किया है कि शहर के सभी स्कूलों में इस दिन अवकाश घोषित किया जाए। उनका कहना है कि यह कदम विद्यार्थियों और उनके परिवारों को महापरिनिर्वाण दिवस में भाग लेने का अवसर देगा।



अधिवक्ता माने ने बताया कि महापरिनिर्वाण दिवस पर शहर के बड़ी संख्या में नागरिक बाबासाहेब को श्रद्धांजलि देने के लिए चैत्यभूमि जाते हैं। इस वजह से कई माता-पिता अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेज पाते हैं, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो सकती है। इसलिए, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष ने उल्हासनगर मनपा प्रशासन से स्पष्ट रूप से आग्रह किया है कि शहर के सभी स्कूलों में 6 दिसंबर को विद्यार्थियों के लिए अवकाश घोषित किया जाए, ताकि परिवार महापरिनिर्वाण दिवस के कार्यक्रमों में भाग ले सकें।

### 13 दिसंबर को ठाणे में नेशनल लोक अदालत

**ठाणे।** ठाणे में मोटर व्हीकल एक्ट के तहत ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले ड्राइवरों पर जुर्माना लगाया जाता है। ट्रैफिक पुलिस जुर्माने का ई-चालान सीधे ड्राइवर के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर भेजती है। अक्सर कई ड्राइवर यह फाइन समय पर नहीं भरते, जिसके कारण उनके खिलाफ केस फाइल हो जाते हैं।

कई मामलों के लंबित रहने के कारण, ठाणे में हर तीन महीने में नेशनल लोक अदालत लगाई जाती है ताकि ड्राइवरों के पेंडिंग मामलों का निपटारा किया जा सके। इस बार ऐसी अदालत 13 दिसंबर 2025 को ठाणे कमिश्नरेट की सभी अदालतों में आयोजित की जाएगी। जो ड्राइवर अपने मामलों का निपटारा करना चाहते हैं, उन्हें 5 दिसंबर 2025 से पहले अपने नजदीकी ट्रांसपोर्ट सब-डिविजनल ऑफिस से संपर्क करना होगा। उन्हें बकाया जुर्माना राशि जमा करनी होगी और आवश्यक दस्तावेज़ अदालत में प्रस्तुत करने होंगे। ऐसा करने से 13 दिसंबर को मामलों का निपटारा सरल और जल्दी हो सकेगा, और जुर्माने की राशि भी कम हो सकती है।

जो नागरिक 13 दिसंबर को सीधे लोक अदालत में उपस्थित होंगे, उन्हें अपनी पूरी बकाया राशि का भुगतान करना होगा। इसलिए ठाणे शहर परिवहन विभाग ने अपील की है कि अधिक से अधिक ड्राइवर 5 दिसंबर से पहले जुर्माना जमा करके अपने मामलों का निपटारा करें।

नगर पंचायत चुनाव

# शिवसेना को मिल रहा अल्पसंख्यक समाज का मजबूत समर्थन

▶▶ मुस्लिम उमीदवार के प्रचार में उतरे श्रीकांत शिंदे

▶▶ शिवसेना जाति-पाति की राजनीति नहीं करती: श्रीकांत शिंदे

**पाथरी।** महाराष्ट्र में जारी नगर पंचायत चुनाव में शिवसेना को व्यापक जनसमर्थन मिलता दिखाई दे रहा है। खासकर अल्पसंख्यक समाज बड़ी संख्या में शिवसेना के साथ खड़ा नजर आ रहा है। मराठवाड़ा के पाथरी में हुई प्रचार सभा में अल्पसंख्यक समुदाय की भारी उपस्थिति ने इसका स्पष्ट संकेत दिया। सभा में अल्पसंख्यक समाज की बड़ी भीड़ देखकर यह स्पष्ट हुआ कि शिवसेना पर जाति–पाति की राजनीति करने का आरोप लगाने वाले विरोधियों को करारा जवाब मिला है। भीड़ में शामिल लोगों ने संकेत दिया कि वे विकास की राजनीति के साथ हैं, न कि विभाजन की।



**सरकारी निर्णय सभी समाज के लिए—ना कि किसी एक वर्ग के लिए**

उन्होंने आगे कहा कि एकनाथ शिंदे सरकार के दौरान जो भी निर्णय लिए गए, वे सभी समाजों को ध्यान में रखकर लिए गए। "लाड़ली बहनों" के लिए जारी योजना का लाभ आज अल्पसंख्यक समाज की महिलाओं को भी मिल रहा है और इससे उनके जीवन में वास्तविक परिवर्तन आया है।

**मराठवाड़ा दौरे पर सांसद श्रीकांत शिंदे**

शिवसेना सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे अपने मराठवाड़ा दौरे पर पाथरी पहुँचे। यहाँ उन्होंने एक बड़ी सभा को संबोधित किया और शिवसेना के प्रत्याशी आसिफ खान को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। सभा में अल्पसंख्यक समाज की महिलाएँ—₹लाड़ली बहनें₹—भी बड़ी संख्या में उपस्थित थीं। अपने भाषण में डॉ. शिंदे ने विरोधियों पर सख्त प्रहार करते हुए कहा कि शिवसेना हमेशा विकास की राजनीति करती आई है। उन्होंने कहा कि एकनाथ शिंदे, बाला साहब ठाकरे के विचारों पर चलने वाले ऐसे नेता हैं जिन्होंने कभी समाज बाँटने की राजनीति नहीं की।

**अल्पसंख्यक समाज के लिए रिकॉर्ड निधि: शिंदे**

डॉ. शिंदे ने बताया कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के ढाई वर्षों के कार्यकाल में अल्पसंख्यक समाज के लिए सबसे अधिक विकास निधि दी गई। जहाँ पिछली सरकारें केवल 30 करोड़ रुपये देती थीं, वहीं एकनाथ शिंदे सरकार ने इसे बढ़ाकर 700 करोड़ रुपये तक कर दिया। इसके अलावा अल्पसंख्यक समाज के विकास के लिए 5,500 करोड़ रुपये का अतिरिक्त फंड भी मंजूर किया गया।

**विपक्ष पर तीखा हमला**

डॉ. शिंदे ने कहा कि विपक्ष केवल आरोप लगाता रहा, जबकि शिंदे सरकार ने जमीन पर विकास के कामों को गति दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने अल्पसंख्यक महामंडलों को मजबूत करने के लिए जो कदम उठाए, वह पहले किसी सरकार ने नहीं उठाए थे। सभा के अंत में डॉ. श्रीकांत शिंदे ने लोगों से शिवसेना के सभी उम्मीदवारों को रिकॉर्ड बहुमत से जीताने की अपील की।

# काल्हेर को मिली 2.44 MLD अतिरिक्त जलापूर्ति

**जल जीवन मिशन**

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

ठाणे शहर से सटे तेजी से विकसित हो रहे काल्हेर ग्रामपंचायत क्षेत्र के नागरिकों को पानी की किल्लत से राहत मिलने वाली है। मुंबई महापालिका ने जल जीवन मिशन के तहत काल्हेर को 2.44 MLD अतिरिक्त पानी उपलब्ध कराने की मंजूरी दे दी है।



**जनसंख्या बढ़ने से गहराती जा रही थी समस्या**

काल्हेर में लगातार बढ़ती आबादी और सीमित जलापूर्ति के कारण संकट गहराता जा रहा था। वर्तमान में स्टेम लाइन से 3 .60 MLD पानी मिल रहा था, जो बढ़ती बस्तियों के लिए पर्याप्त नहीं था। कई क्षेत्रों में टैंकरों पर निर्भरता बढ़ गई थी।

**स्थानीय नागरिकों की पहल और सांसद का फॉलो-अप**

समस्या से परेशान नागरिकों ने सांसद बाळ्या मामा से मुलाकात कर अपनी शिकायत रखी। मामला गंभीर समझते हुए उन्होंने मुंबई महापालिका के वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क कर लगातार फॉलो–अप किया। उनके प्रयासों के बाद अतिरिक्त जलापूर्ति की मंजूरी मिल सकी।

**भविष्य में मिलेगी नियमित और पर्याप्त आपूर्ति**

मंजूरी का आधिकारिक पत्र काल्हेर ग्रामस्थों को प्राप्त हो चुका है। स्थानीय लोगों ने सांसद बाळ्या मामा के प्रयासों की सराहना की है। अब उम्मीद है कि आने वाले समय में नागरिकों को नियमित और पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा, जिससे लंबे समय से चल रही पानी की समस्या का समाधान हो सकेगा।

# भिवंडी निजामपुर मनपा में मतदाता सूची पर समीक्षा व मार्गदर्शन सत्र

▶▶ 3 दिसंबर तक आपत्तियाँ दर्ज कराने की नई समयसीमा घोषित

**भिवंडी।** भिवंडी निजामपुर महानगर पालिका की 23 प्रभागों की प्रारूप मतदाता सूची 20 नवंबर 2025 को जारी की गई थी। प्रारूप सूचियों पर आपत्तियाँ और सुझाव 27 नवंबर तक आम जनता से आमंत्रित किए गए थे, लेकिन राज्य निर्वाचन आयोग ने 26 नवंबर को संशोधित कार्यक्रम जारी करते हुए अंतिम तिथि बढ़ाकर 3 दिसंबर 2025 कर दी। अब नागरिक अपने प्रभाग समिति कार्यालयों में इस तिथि तक आपत्तियाँ और सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं।

**मार्गदर्शन सत्र में दिशा-निर्देश**




27 नवंबर को मनपा मुख्यालय में मतदाता आपत्तियों के निवारण हेतु एक महत्वपूर्ण मार्गदर्शन सत्र आयोजित किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता आयुक्त अनमोल सागर, अतिरिक्त आयुक्त नयना ससाणे और चुनाव उपायुक्त विक्रम दराडे ने की। सभी क्षेत्रीय अधिकारियों और कर्मचारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए, जिसमें गलत प्रभाग में दर्ज मतदाताओं की त्रुटियों का तत्काल सुधार और बीएलओ की सहायता लेने के निर्देश शामिल थे।

**पारदर्शिता और अनुशासन पर जोर**

बैठक में डुप्लीकेट मतदाता नामों के निराकरण और सूची में त्रुटियों को सुधारने की सख्त कार्रवाई का भी निर्देश दिया गया। आयुक्त अनमोल सागर ने कर्मचारियों को स्पष्ट किया कि सभी कार्य पारदर्शिता, निष्पक्षता और बिना राजनीतिक दबाव के किए जाएँ। किसी भी लापरवाही या दबाव में आकर कार्य करने की स्थिति में कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# कमजोर प्रदर्शन वाली स्कूलों के मुख्याध्यापकों पर होगी कार्रवाई

▶▶ भिवंडी–निजामपुर मनपा की समीक्षा बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता सुधार पर जोर

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी-निजामपुर शहर महानगर पालिका के शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक 27 नवंबर 2025 को आयुक्त एवं प्रशासक अनमोल सागर (भा.प्र.से) की अध्यक्षता में हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य मनपा के 92 प्राथमिक और 11 माध्यमिक स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाना था।



**ड्रॉपआउट दर, PAT व ASER रिपोर्ट पर सख्त समीक्षा**

बैठक में आयुक्त अनमोल सागर ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षण व्यवस्था को और मजबूत करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने मनपा स्कूलों में बढ़ती विद्यार्थी गळती (dropout rate), अध्ययन स्तरानुसार अध्यापन, PAT परीक्षा रिपोर्ट, ASER रिपोर्ट और निपुण भारत मिशन की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

**जर्जर स्कूल इमारतों का निरीक्षण और उड़न दस्ते का गठन**

आयुक्त ने जर्जर स्कूल इमारतों का स्थल निरीक्षण कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने और DPC से निधि प्राप्त करने हेतु प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। साथ ही इयत्ता 3 और 5 के विद्यार्थियों के अध्ययन स्तर का आकलन करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों का एक विशेष उड़न दस्ता (flying squad) बनाने को कहा।

# उल्हासनगर में पांच दिवसीय दिव्य महायज्ञ का आयोजन

**उल्हासनगर।** उल्हासनगर की आध्यात्मिक भूमि पर स्वामी ओंकारानंद आश्रम ट्रस्ट द्वारा 26 से 30 नवंबर तक दहशरा मैदान कैंप-5 में पांच दिन का दिव्य महायज्ञ आयोजित किया जा रहा है। इस महायज्ञ में वैदिक मंत्रों के उच्चारण, होमग्नि की पवित्र ज्योति और भक्ति की अपार श्रद्धा के माध्यम से भक्त आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव कर रहे हैं। सुबह रुद्राभिषेक से लेकर शाम के दिव्य प्रवचनों तक यह आयोजन आस्था, विश्वास और आध्यात्मिकता का अनोखा संगम प्रस्तुत कर रहा है। उल्हासनगर कैंप-5 के दहशरा मैदान में आयोजित इस वैदिक होमात्मा महायज्ञ को भक्तों का भारी समर्थन मिल रहा है। पूरे भारत से 200 से अधिक संत और महात्मा इस समारोह में शामिल हुए हैं। स्वामी ओंकारानंद आश्रम ट्रस्ट और भक्तों के प्रयासों से यह आध्यात्मिक उत्सव उल्हासनगर में धार्मिक उत्साह का वातावरण बना रहा है। कार्यक्रम संगठन अध्यक्ष राजेश सुखरानी, डॉ. विलास चौधरी, संतोष मोटवानी और अन्य कमेटी सदस्यों के मार्गदर्शन में अनुशासित और भक्तिपूर्ण तरीके से संचालित हो रहा है।

**महायज्ञ का दैनिक कार्यक्रम**



महायज्ञ 26 नवंबर को सुबह 4 बजे रुद्राभिषेक और ब्राह्मण पूजा से प्रारंभ हुआ। दिनभर मंडप में अग्नि मंथन और स्वाहाकार की रस्में मंत्रोच्चार से गूंजती रहीं। भक्त उत्साहपूर्वक सत्संग और सेवा में भाग लेते रहे। 27 से 29 नवंबर तक सुबह 8 से 11 बजे और दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक स्वाहाकार की रस्में आयोजित की जा रही हैं, जबकि हर शाम गुरुजी के प्रेरक प्रवचन भक्तों के मन में आध्यात्मिक चेतना जगाते हैं। 30 नवंबर को वेद भगवान की शोभायात्रा, महापूर्णाहुति और विशेष प्रवचन के साथ महायज्ञ का समापन होगा।

# मासूम की मौत के बाद फूटा जनाक्रोश

## भीड़ ने भारी वाहनों की एंट्री रोकी, घंटों तक लगा भीषण जाम

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

6 वर्षीय छात्रा खतिजा उमर शेख की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद गुरुवार को भी माहौल तनावपूर्ण बना रहा। स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में सड़कों पर उतर आए और वंजारपट्टी नाका पर भारी वाहनों की आवाजाही पूरी तरह रोक दी।



**सड़कों पर भारी भीड़, घंटों बड़ा जाम**

प्रदर्शन के कारण इलाके में कई घंटों तक भीषण जाम लगा रहा। ट्रकों और भारी वाहनों को बीच सड़क पर रोक देने से भिवंडी–वंजारपट्टी नाका रोड पूरी तरह ठप हो गया और वाहन लंबी कतारों में फंसे रहे।नागरिकों ने आरोप लगाया कि शहर के भीतर दिन के समय भारी वाहनों की आवाजाही लगातार बढ़ रही दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण है। लोगों का कहना था कि स्कूल, बाज़ार और ऑफिस आवागमन के चलते दिन में ट्रकों की एंट्री पूरी तरह बंद होनी चाहिए।

**दर्दनाक दुर्घटना के बाद भड़का गुस्सा**

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बुधवार को हुई दुर्घटना जिसमें मासूम छात्रा की मौत और उसके पिता गंभीर रूप से घायल हुए, यह दिन में भारी वाहन की आवाजाही का सीधा नतीजा था। इसी आक्रोश में स्थानीय नागरिकों ने ट्रकों को रोककर विरोध शुरू किया।

**धीरे-धीरे सामान्य हुई यातायात व्यवस्था**

काफी प्रयासों के बाद दोपहर तक रास्ते में फंसे वाहनों को निकालना शुरू किया गया। कुछ समय बाद ट्रैफिक बहाल हो गया और स्थिति सामान्य होने लगी, हालांकि स्थानीय लोग अभी भी भारी वाहनों की एंट्री पर स्थायी समाधान की मांग पर अड़े हैं।

**फ्लाईओवर रिपेयरिंग से बढ़ा खतरा**

लोगों ने प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम फ्लाईओवर के रिपेयरिंग काम के कारण भारी वाहनों को नीचे की तंग सड़कों से डायवर्ट किया गया है। इससे दुर्घटनाओं की संभावना कई गुना बढ़ गई है।

**तंग सड़कों पर बढ़ती दुर्घटनाओं को लेकर चिंता**

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि छोटी और भीड़भाड़ वाली सड़कों पर बड़े वाहनों की आवाजाही बेहद खतरनाक है। कई दिनों से लगातार दुर्घटनाएँ हो रही हैं और प्रशासन इसकी अनदेखी कर रहा है, जिससे जनता में रोष बढ़ गया है। स्थिति बिगड़ते देख भिवंडी पुलिस और ट्रैफिक विभाग तुरंत मौके पर पहुंचे।

भिवंडी-चिंचोटी रोड मामले में एक्शन

# मुख्य अभियंता सिद्धार्थ तांबे पर भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच शुरू

▶▶ मुख्यमंत्री सचिवालय कक्ष ने जारी किए आदेश

**भिवंडी।** ठाणे–पालघर सार्वजनिक बांधकाम विभाग (PWD) के मुख्य अभियंता सिद्धार्थ तांबे पर लगे गंभीर भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए मुख्यमंत्री सचिवालय कक्ष ने आदेश जारी कर दिए हैं। यह जांच मुंबई कोकण प्रादेशिक सार्वजनिक बांधकाम विभाग के मुख्य अभियंता को सौंपी गई है।



**40 करोड़ रुपये के फर्जी बिल का आरोप**

ठाणे जिला ग्रामीण कांग्रेस के सरचिटणीस पंकज गायकवाड़ ने अपने विस्तृत निवेदन में आरोप लगाया था कि मुख्य अभियंता सिद्धार्थ तांबे ने उपअभियंता दत्तू गीते और कार्यकारी अभियंता सुनील पाटील के साथ मिलकर भिवंडी–चिंचोटी रोड पर बिना वास्तविक मरम्मत या कार्य किए लगभग 40 करोड़ रुपये के फर्जी बिलों को मंजूरी दी है।

**वर्ष 2023–24 और 2024–25 में बड़े पैमाने पर कथित बोगस बिल जारी**

निवेदन के अनुसार, दिसंबर 2023 में 23 करोड़ रुपये और जुलाई 2024 में 31 करोड़ 65 लाख रुपये के बिल जारी किए गए। इसके अलावा वर्ष 2023–24 में 70 लाख और 4 करोड़ 83 लाख रुपये के बिल तथा वर्ष 2024–25 में 5 करोड़ 30 लाख रुपये के कथित बोगस बिल भी मंजूर किए गए, जिनकी कोई ठोस कार्यवाही स्थल पर दिखाई नहीं देती। पंकज गायकवाड़ ने जिलाधिकारी ठाणे को सौंपे गए निवेदन में मांग की थी कि सभी अधिकारियों की खाता–वार और कार्य–वार जांच की जाए।

**मुख्यमंत्री सचिवालय कार्यालय में भी दर्ज कराई गई शिकायत**

गायकवाड़ ने 7 नवंबर को यह निवेदन मुख्यमंत्री सचिवालय कार्यालय में भी प्रस्तुत किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए सचिवालय ने इसे तुरंत संज्ञान में लिया और उच्चस्तरीय जांच के निर्देश जारी किए। मुख्यमंत्री सचिवालय द्वारा जारी आदेशों के बाद अब मुंबई कोकण प्रादेशिक सार्वजनिक बांधकाम विभाग के मुख्य अभियंता को पूरे मामले की विस्तृत जांच का काम सौंपा गया है। यह कार्रवाई प्रशासनिक स्तर पर इस मामले की गंभीरता को दर्शाती है।

**रिकॉर्ड और बिलों की सत्यता की गहन जांच की जाएगी**

जांच अधिकारी रिकॉर्ड की विस्तृत जांच, बिलों की वैधता की पड़ताल और वास्तविक कार्य की स्थिति की समीक्षा करेंगे। आरोपित अधिकारियों की भूमिका, जिम्मेदारी और उनके द्वारा लिए गए निर्णयों का बारीकी से मूल्यांकन किया जाएगा। मुख्य अभियंता द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली विस्तृत रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। यदि भ्रष्टाचार के आरोप साबित होते है।

# शिक्षक वेतन में 5% कटौती पर बवाल

**मुंबई/पुणे।** पुणे में शिक्षण संस्था महामंडल की बैठक में आर्थिक स्थिरता बनाए रखने के लिए शिक्षकों के वेतन से पांच प्रतिशत कटौती करने का निर्णय लिया गया। इस प्रस्ताव का शिक्षक संगठन प्रहार ने तीव्र विरोध किया है। नागपुर विभाग प्रमुख अजय भोयर के अनुसार, पिछले दस वर्षों से वेतन-उपरांत अनुदान न मिलने के कारण खर्च पूरा करने के लिए यह कदम उठाया गया, जो संस्थाओं की पलायनवादी भूमिका को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि वेतन में कटौती करके समस्याओं का समाधान करना अत्यंत निंदनीय है।



अजय भोयर ने यह भी कहा कि फुले, शाहू और आंबेडकर जैसे पुरोगामी विचारकों के महाराष्ट्र में इस तरह का नियमबाह्य प्रस्ताव लाना और शासन से मंजूरी मांगना अस्वीकार्य है। उन्होंने बताया कि कुछ संस्था चालकों की मनमानी से संपूर्ण शिक्षण क्षेत्र की प्रतिष्ठा प्रभावित होती है, जबकि समस्याओं के खिलाफ आवाज उठाने के लिए शिक्षक ही सड़क पर उतरते हैं।

## बांद्रा हाउसिंग स्कैम

# बीएमसी के सहायक आयुक्त पर ठगी का आरोप

### महेश पाटिल ने आरोपों को पूरी तरह किया खारिज

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन (BMC) के सहायक आयुक्त महेश पाटिल बांद्रा हाउसिंग प्रोजेक्ट से जुड़े बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी के आरोपों में घिरे हैं। शिकायतकर्ता निशित पटेल का दावा है कि पाटिल ने इस प्रोजेक्ट के माध्यम से लोगों से लगभग 60 से 80 करोड़ रुपये ठगे हैं। आरोप में मारपीट, जबरन वसूली और धोखाधड़ी जैसे गंभीर अपराध शामिल बताए जा रहे हैं।



### क्या है मामला?

मामला बांद्रा में एक नए हाउसिंग प्रोजेक्ट से जुड़ा है। निवेशकों को वादा किया गया था कि 100 प्रतिशत एडवांस भुगतान करने पर फ्लैट केवल कंस्ट्रक्शन कॉस्ट पर मिलेगा। इसके अलावा दावा किया गया कि प्रोजेक्ट बनने के बाद इसकी कीमत दोगुनी हो जाएगी, जिससे निवेशकों को भारी वित्तीय लाभ होगा।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि इस प्रोजेक्ट में कई बड़े नेता, सरकारी अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और बॉलीवुड सेलिब्रिटी भी शामिल थे। निवेश की राशि 20 लाख से 20 करोड़ रुपये के बीच बताई गई है। दावा किया गया है कि कुल 60 करोड़ रुपये इन लोगों से लिए या दिए गए, और उन्हें भारी लाभ का लालच दिया गया।

### दर्ज कराई गई शिकायत

इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री फडणवीस और मुंबई पुलिस कमिश्नर के पास दर्ज कराई गई है। महेश पाटिल ने इन आरोपों को पूरी तरह खारिज किया है और कहा कि ये झूठे हैं। उन्होंने चुनौती दी है कि यदि शिकायतकर्ता के पास कोई ठोस कानूनी सबूत हैं, तो उन्हें जांच एजेंसियों को सौंपा जाना चाहिए।

# मिलिंद देवड़ा ने बीएमसी कमिश्नर को लिखा पत्र, सख्त एक्शन की मांग

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



शिवसेना नेता और राज्यसभा सांसद मिलिंद देवड़ा ने बीएमसी कमिश्नर को पत्र लिखकर मुंबई की वायु गुणवत्ता को गंभीर चेतावनी दी है। देवड़ा ने कहा कि यह अब "मौसमी समस्या" नहीं बल्कि एक "जन-स्वास्थ्य आपातकाल" बन चुकी है। शहर की बढ़ती प्रदूषण दर के चलते तुरंत कड़े और असाधारण कदम उठाने की आवश्यकता है।

### हाल के आंकड़े

देवड़ा ने पत्र में बताया कि निर्माण कार्य, सड़क खोदाई, मलबा ढुलाई और सड़क किनारे जमा धूल हवा की गुणवत्ता को और बिगाड़ रही है। उन्होंने हाल के आंकड़े भी साझा किए: 22 नवंबर को मुंबई का AQI 298 और 23 नवंबर को 255 दर्ज किया गया। बीएमसी की पर्यावरण रिपोर्ट 2024-25 के अनुसार, चेंबूर सबसे अधिक प्रदूषित क्षेत्र है और अक्टूबर इस वर्ष का सबसे प्रदूषित महीना रहा।

देवड़ा ने बीएमसी से मांग की है कि सभी निर्माण, सड़क खोदाई और खुदाई कार्यों पर अस्थायी रोक लगाई जाए जब तक कि AQI सुरक्षित स्तर पर नहीं लौटता। उन्होंने निर्माण स्थलों की सख्त जांच, नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई, धूल दमन, फॉगिंग, पानी का छिड़काव, मैकेनिकल स्वीपिंग और रियल टाइम AQI मॉनिटरिंग की अपील की। देवड़ा ने चेतावनी दी कि बढ़ते PM 2.5 और PM 10 स्तर से बच्चों, बुजुर्गों और नागरिकों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा है और इसके लिए सालभर चलने वाली वायु सुधार रणनीति की जरूरत है।

# IRCTC वेस्ट ज़ोन ने पर्यटन क्षेत्र में बनाए नए कीर्तिमान

### MOSD मॉडल लॉन्च, धार्मिक-अंतरराष्ट्रीय टूरों में रिकॉर्ड वृद्धि

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज़्म कॉरपोरेशन (IRCTC) वेस्ट ज़ोन ने 2025-26 में पर्यटन सेवाओं के विस्तार और यात्रियों की जरूरतों के अनुरूप नए पैकेज तैयार कर उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। अक्टूबर माह में उत्कृष्ट कार्य के लिए शुभम चौहान को 'मैन ऑफ द मंथ' चुना गया। यह जानकारी IRCTC वेस्ट ज़ोन के ग्रुप जनरल मैनेजर गौरव झा ने मुंबई में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। IRCTC ने मल्टिपल ओरिजिन-सिंगल डेस्टिनेशन (MOSD) नामक अभिनव मॉडल लॉन्च किया है। इसके तहत देश के विभिन्न शहरों से यात्रियों को एक ही अंतरराष्ट्रीय डेस्टिनेशन पर एकजुट होकर यात्रा कराई जाएगी।इस मॉडल के तहत दो प्रमुख पैकेज घोषित किए गए हैं। दुबई टूर (22 जनवरी 2026) — 4 रात/5 दिन, मूल्य 91,500,यूरोप टूर (अप्रैल-जून 2026) — 12 रात/13 दिन, जिसमें पेरिस, ब्रसेल्स, एम्स्टर्डम, रोम और फ्लोरेंस शामिल। 100-200 यात्रियों के समूह में यात्रा होने से पैकेज यात्रियों के लिए किफायती हो जाते हैं।

### अंतरराष्ट्रीय यात्राओं की बढ़ती लोकप्रियता



IRCTC वेस्ट ज़ोन के अंतरराष्ट्रीय पैकेज—दुबई, जापान और ऑस्ट्रेलिया—इस वर्ष रिकॉर्ड मांग में रहे। विभिन्न शहरों से यात्री शामिल हो रहे हैं, जिनमें 50% से अधिक वरिष्ठ नागरिक हैं। महिलाओं के लिए दुबई स्पेशल टूर भी बेहद सफल रहा। अर्ली बर्ड ऑफर के तहत 5,000-6,000 रुपये तक की छूट दी जा रही है। जापान (29 मार्च 2026) और ऑस्ट्रेलिया (5 मई 2026) टूर के लिए बुकिंग तेज़ी से चल रही है। त्योहारी सीजन के लिए केरल, अंडमान, दक्षिण भारत, अयोध्या, वाराणसी, ओडिशा और गुजरात के रण उत्सव जैसे घरेलू पैकेज लॉन्च किए गए हैं। सभी पैकेजों में फ्लाइट, होटल, भोजन, ट्रांसफर, साइटसीइंग, टूर मैनेजर और इंश्योरेंस शामिल हैं। इसमें कोई हिडन चार्ज नहीं है।

IRCTC वेस्ट ज़ोन जल्द QR आधारित मेन्यू-पेमेंट सिस्टम, नई यूनिफॉर्म, कर्मचारी आईडी, क्लाउड किचन सुधार और पुणे का आधुनिक वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लागू करेगा। रेल टूर पैकेज अब कन्फर्म टिकट की गारंटी के साथ मिल रहे हैं। बुकिंग: irctctourism.com | "Hi IRCTC" – 8287931886

# शिवसेना यूबीटी की डुप्लिकेट मुस्लिम मतदाताओं पर चुप्पी कपटपूर्ण: भाजपा

देवेंद्रनाथ जैस्वार | मुंबई

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता नवनाथ बन ने गुरुवार को शिवसेना यूबीटी पर मुस्लिम डुप्लिकेट मतदाताओं के मुद्दे पर जानबूझकर चुप रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विपक्ष केवल हिंदू डुप्लिकेट वोटर्स को लेकर बयान देता है, जबकि मुस्लिम मतदाताओं पर उठ रहे सवालों पर मौन साध लेता है।



### "हम न्याय के पक्ष में, तुष्टीकरण के नहीं"

बन ने कहा कि भाजपा की नीति हमेशा न्यायपूर्ण रही है, जबकि शिवसेना यूबीटी और महाविकास आघाड़ी मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति में विश्वास रखते हैं। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे इन दलों की "कपटपूर्ण नीति" को समझें और मतदान करते समय इस बात पर विचार करें।

### आदित्य ठाकरे पर सूची दिखाकर साधा निशाना

प्रवक्ता नवनाथ बन ने भाजपा कार्यालय में पत्रकारों के सामने आदित्य ठाकरे के वरली विधानसभा क्षेत्र में कथित मुस्लिम डुप्लिकेट मतदाताओं की बूथवार सूची भी प्रस्तुत की। उन्होंने दावा किया कि शिवसेना यूबीटी मुंबई नगर निगम पर मुस्लिम वोटों के सहारे कब्जा करना चाहती है और यहां तक कहा कि आदित्य ठाकरे की जीत में भी ऐसे मतदाताओं की भूमिका होने का संदेह है।

# मध्य रेल की स्क्रैप बिक्री में रिकार्ड राजस्व

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मध्य रेल ने वित्त वर्ष 2025-26 (अक्टूबर तक) में स्क्रैप की बिक्री से 243.06 करोड़ रुपये का उल्लेखनीय राजस्व अर्जित किया है। अकेले अक्टूबर 2025 में ही स्क्रैप बिक्री से 51.86 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जो पिछले वर्ष अक्टूबर के 28.93 करोड़ रुपये की तुलना में 79% की वृद्धि दर्शाता है। यह पिछले तीन वर्षों में अक्टूबर माह का सर्वोच्च प्रदर्शन भी माना जा रहा है। मध्य रेल के सभी पांच मंडलों, कारखानों और क्षेत्रीय इकाइयों में विभिन्न प्रकार के स्क्रैप—जैसे रेल, लौह स्क्रैप, अलौह स्क्रैप, रोलिंग स्टॉक, कोच और वैगन—बेचे गए। यह सफलता मध्य रेल की ₹शून्य स्क्रैप मिशन₹ के प्रति प्रतिबद्धता और परिचालन दक्षता में सुधार को दर्शाती है। साथ ही, मध्य रेल कुल 22 प्रदर्शन मापदंडों में से 10 में अग्रणी होकर शील्ड पुरस्कार के लिए भी शीर्ष स्थान पर है।

# नकली यूटीएस जनरेटेड सीज़न टिकट के साथ पकड़ा गया यात्री

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मध्य रेल के टिकट परीक्षक विशाल नवले ने 26 नवंबर 2025 को एसी लोकल में एक यात्री को नकली यूटीएस जनरेटेड सीज़न टिकट के साथ यात्रा करते हुए पकड़ा। कल्याण-दादर एसी लोकल में 10:02 बजे निरीक्षण के दौरान महिला यात्री ने जो टिकट दिखाया, वह संदिग्ध लगा। सत्यापन पर पता चला कि टिकट नकली था और पहले समाप्त हो चुके टिकट से तैयार किया गया था।

नकली टिकट उपयोगकर्ता महिला यात्री की पहचान श्रीमती गुड़िया शर्मा के रूप में हुई। आगे की जांच में यह खुलासा हुआ कि फर्जी टिकट उनके पति श्री ओमकार शर्मा ने बनवाया था। दोनों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता अधिनियम 2023 की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।



### नकली टिकट रैकेट का भंडाफोड़

श्री विशाल नवले की सतर्कता और तीक्ष्ण दृष्टि ने एक नकली टिकट रैकेट का पर्दाफाश किया। उनकी तत्परता और कर्तव्यनिष्ठा अन्य कर्मचारियों और यात्रियों के लिए उदाहरण प्रस्तुत करती है। मामले की आगे की जांच जारी है। मध्य रेल ने यात्रियों से अपील की है कि वे केवल अधिकृत विक्रेताओं या रेलवे स्टेशन बुकिंग काउंटर, एटीवीएम, या मोबाइल यूटीएस ऐप के माध्यम से ही वैध टिकट लेकर यात्रा करें। नकली टिकट बनाने या उसका उपयोग करने पर भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत सात साल तक कैद या जुर्माना, या दोनों का सामना करना पड़ सकता है।

# बिजनेसमैन के साथ 35 करोड़ का शेयर घोटाला!

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई में एक चौंकाने वाला फ्रॉड का मामला सामने आया है। माटुंगा वेस्ट में रहने वाले 72 वर्षीय भरत हरकचंद शहा ने आरोप लगाया है कि गोरेगांव (पूर्व) स्थित ग्लोब कैपिटल मार्केट लिमिटेड नाम की ब्रोकरेज कंपनी ने उनके भरोसे का फायदा उठाकर लगभग 35 करोड़ रुपये का नुकसान करा दिया। एफआईआर के मुताबिक, कंपनी के कर्मचारियों ने शाह को 'सुरक्षित ट्रेडिंग' का लालच देकर इतना विश्वास जीत लिया। फिर चार साल तक उनके और उनकी पत्नी के डीमेट खातों में बिना पूछे करोड़ों के सौदे होते रहे, OTP से लेकर ईमेल तक का एक्सेस कंपनी के प्रतिनिधियों के पास था और उन्हें इसकी भनक तक नहीं लगी।

भरत शहा पिछले करीब तीन दशक से माटुंगा वेस्ट में रह रहे हैं। परेल में वे पांच दशक से एक गेस्ट हाउस चलाते हैं, जहां कैंसर मरीज और उनके परिजन कम किराए पर रुकते हैं। 1984 में पिता के निधन के बाद काफी मात्रा में शेयर उनके और उनकी पत्नी के नाम ट्रांसफर हुए थे। लेकिन न उन्हें और न उनकी पत्नी को शेयर बाजार की समझ थी, इसलिए कभी एक्टिव ट्रेडिंग नहीं की। साल 2020 में एक दोस्त की सलाह पर उन्होंने ग्लोब कैपिटल मार्केट लिमिटेड में अपना और पत्नी का डीमेट व ट्रेडिंग अकाउंट खुलवाया। विरासती शेयर इसी कंपनी में ट्रांसफर कर दिए गए। शुरुआत में सब सामान्य था। फिर कंपनी के प्रतिनिधि लगातार संपर्क में आना शुरू हुए और शहा को यह भरोसा दिलाया गया कि ट्रेडिंग के लिए अलग पैसे लगाने की जरूरत नहीं। शेयर को रखकर सुरक्षित तरीके से ट्रेड किया जा सकता है। इसमें नियमित मुनाफा मिलेगा और कंपनी की तरफ से 'पर्सनल गाइड' मिलेंगे। इसी बहाने दो लोग अक्षय बारीया और करण सिरोया ने शहा के पोर्टफोलियो को 'संभालने' के नाम पर तैनात कर दिए गए।

### OTP से लेकर ईमेल तक सबकुछ कंपनी के हाथ में





एफआईआर के अनुसार, यह दोनों प्रतिनिधि रोज़ाना उन्हें फोन कर बताते थे कि कौन सा ऑर्डर लगाना है। कुछ समय बाद कंपनी के कर्मचारी उनके घर आकर लेपटॉप से ईमेल भेजने लगे। धीरे-धीरे स्थिति यहां तक पहुंच गई कि हर ओटीपी वे ही डालते, हर एसएमएस, ईमेल वे ही खोलकर जवाब देते। शहा को सिर्फ वही जानकारी सुनाई जाती जो उन्हें सुनाई जानी चाहिए। उनके अकाउंट का पूरा कंट्रोल कंपनी के पास चला गया।

मार्च 2020 से जून 2024 तक शहा को कंपनी की तरफ से जो डिटेल मिलते थे, उनमें सबकुछ ठीक दिखाया जाता था। स्टेटमेंट में मुनाफा दिखता था, इसलिए उन्हें कभी शक नहीं हुआ कि पर्दे के पीछे कुछ और चल रहा है। लेकिन जुलाई 2024 में शहा को ग्लोब कैपिटल के रिस्क मैनेजमेंट विभाग से कॉल आया कि आपके और आपकी पत्नी के खातों में 35 करोड़ रुपये का डेबिट बैलेंस है। तुरंत भरना होगा, नहीं तो शेयर बेच दिए जाएंगे। कंपनी पहुंचकर पता चला कि उनके खातों से लगातार भारी ट्रेडिंग की गई, करोड़ों के शेयर बेचे गए, अनेक बार एक ही पार्टी के साथ खरीद-फरोख्त (Circular Trades) हुई। अकाउंट को धीरे-धीरे घाटे में धकेला गया।

### शेयर बेचकर चुकाए 35 करोड़, फिर खुली हेराफेरी की कहानी

परिवार से सलाह लेकर शहा ने खुद मार्केट में अपने शेयर बेचकर 35 करोड़ रुपये चुकाए। शेष बचे शेयर उन्होंने किसी दूसरी कंपनी में ट्रांसफर कर दिए। इसी दौरान जब उन्होंने ग्लोब की वेबसाइट से असली स्टेटमेंट डाउनलोड कर पुराने ईमेल से मिले स्टेटमेंट से मिलान किया, तो चौंकाने वाली बातें सामने आईं। दोनों स्टेटमेंट में भारी अंतर, कई NSE नोटिस कंपनी को मिली थीं।

**मध्य रेल**
भुसावल मण्डल
ई निविदा आमंत्रन सुचना
ई-निविदा सुचना क्र. बीएसएल/ईएलडब्लयु/निविदा/2025-26/21

**1) कार्य का विवरण: (i)** वि.ई.का./भुसावल में आरडीएसओ विनिर्देश के अनुसार सभी प्रकार के 3 फेज इलेक्ट्रिक इंजनों के रिझरवायर/ट्राई-प्लेट (ई-70) पीएन पैनल के साथ पीएन वाल्वों की स्ट्रिपिंग, अटेंडिंग, फिटिंग और पीएन दबाव परीक्षण। **(ii)** वि.ई.का./भुसावल में आरडीएसओ विनिर्देश के अनुसार सभी प्रकार के कन्वेंशनल इलेक्ट्रिक इंजनों के रिझरवायर/ट्राई-प्लेट पीएन पैनल के साथ पीएन वाल्वों की स्ट्रिपिंग, अटेंडिंग, फिटिंग और पीएन दबाव परीक्षण। **2) अनुमानित लागत:** रु. 2,66,43,880.80/- (रु. दो करोड़ छियासठ लाख तैंतालीस हजार आठ सौ अस्सी और अस्सी पैसे मात्र) **3) अग्रिम धन:** रु. 2,83,200/- (रु. दो लाख तिरासी हजार दो सौ मात्र) **4) समापन कालावधी:** 24 माह, **5) निविदा अपलोड का अंतिम दिन और समय:** 18.12.2025 को 15:00 बजे, **6) वेबसाईट विवरण:** **http:// www.ireps.gov.in, 7) नोटिस बोर्ड और पता:** (जहा निविदा सुचना का विस्तृत विवरन देख सकते है) मुख्य कारखाना प्रबंधक, विद्युत इंजन कारखाना, भुसावल का कर्यालय, मध्य रेल, पुराना वरनगाव रोड, भुसावल, पिनकोड 425201.

खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

**सार्वजनिक सूचना**

**नायगांव रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 1 पर स्थित फुट ओवर ब्रिज के दक्षिणी सीढ़ी मार्ग को बंद किए जाने के संबंध में**

मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन (MRVC) द्वारा नायगांव रेलवे स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज के विस्तार / निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के अंतर्गत प्लेटफार्म क्रमांक 1 पर स्थित फुट ओवर ब्रिज के दक्षिणी ओर की सीढ़ी को यात्रियों के उपयोग हेतु बंद करना आवश्यक है। अतः उपरोक्तानुसार, दिनांक **30.11.2025** से यह सीढ़ी यात्रियों के लिए बंद रहेगी। हालाँकि, इस फुट ओवर ब्रिज के उत्तरी ओर की वैकल्पिक सीढ़ी यात्रियों के आवागमन के लिए उपलब्ध रहेगी। यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
0843
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें X.com/WesternRly

**मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल**
(महाराष्ट्र आवास एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण की एक क्षेत्रीय इकाई)
म्हाडा MHADA
दूरभाष: 022-66405484 ई-मेल: eecityslum@gmail.com
संदर्भ क्रमांक: EE/City/MSIB / e-tender/73/2025-26
**ई-निविदा सूचना क्रमांक: 73**

कार्यकारी अभियंता (सिटी) विभाग, मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडळ, (MHADA की इकाई), **कक्ष क्र. 539, चौथा मजला,** गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व), मुंबई - 400051, दूरभाष: (022) 66405484 द्वारा पंजीकृत ठेकेदारों से उनकी उपयुक्त श्रेणी में अथवा किसी सरकारी / अर्ध-सरकारी संस्था के माध्यम से कुल **03 कार्यों** हेतु B-1 (प्रतिशत दर) के आधार पर खुली / नियमित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं निविदा दस्तावेज MahaTender Portal (https://mahatenders.gov.in) पर उपलब्ध होंगे एवं वहीं से डाउनलोड किए जा सकेंगे। बोली दस्तावेज भी इसी वेबसाइट पर ऑनलाइन अपलोड किए जाने हैं। महत्वपूर्ण तिथियाँ: निविदा दस्तावेज बिक्री **प्रारंभ: 28.11.2025, प्रातः 10:05 बजे** निविदा दस्तावेज बिक्री समाप्तः **05.12.2025, अपराह्न 15:00** बजे यदि कोई शुद्धिपत्र (Corrigendum) / संशोधन जारी किया जाता है, तो वह केवल https://mahatenders.gov.in वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा। सक्षम प्राधिकारी को यह अधिकार सुरक्षित है कि वह बिना कोई कारण बताए किसी भी अथवा सभी निविदाओं को अस्वीकार कर सकता है। शर्तयुक्त (Conditional) निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी।

Follow us: @mhadaofficial
सीपीआरओ/ए/1029
हस्ता/-
कार्यकारी अभियंता (शहर),
M.S.I.B. बोर्ड, मुंबई
म्हाडा-राष्ट्र में अग्रणी आवास प्राधिकरण

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**सार्वजनिक आरोग्य विभाग**
**ई-निविदा सूचना**

विषयः आर/दक्षिण विभाग के अंतर्गत आकुर्ली रोड मनपा प्रसूतिगृह, कांदिवली पूर्व स्थित प्रसूति गृह में भर्ती मरीजों के लिए तैयार भोजन (थाली आहार) एवं सुबह का नाश्ता उपलब्ध कराने हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

**ई-निविदा क्रमांक: 2025_MCGM_1252259_1**

आकुर्ली रोड मनपा प्रसूतिगृह, कांदिवली पूर्व, आर/दक्षिण विभाग के लिए दिन में दो समय का भोजन तथा सुबह का नाश्ता आपूर्ति करने हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।प्रोक्योरमेंट सिस्टम महाराष्ट्र सरकार (mahatenders.gov.in) वेबसाइट पर 28.11.2025, सुबह 11.00 बजे से 11.12.2025, दोपहर 01.00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की गई है।

ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम महाराष्ट्र सरकार (mahatenders.gov.in) वेबसाइट पर प्रारंभः 28.11.2025, सुबह 11.00 बजे से अंतिम तिथिः 11.12.2025, दोपहर 01.00 बजे तक निविदाएं केवल ऑनलाइन माध्यम से ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम महाराष्ट्र सरकार (mahatenders.gov.in) उपरोक्त पोर्टल पर ही भरनी होंगी।

हस्ता/-
वैद्यकीय अधिकारी (प्रभारी),
आकुर्ली रोड मनपा प्रसूतिगृह,
कांदिवली पूर्व

पीआरओ/2424/विज्ञा./2025-26

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**विभाग: प्रमुख अभियंता (यांत्रिकी एवं विद्युत)**
क्रमांकः कार्य. अभि. यां. (वि.स.) / 5462 / परि. / दिनांक 27.11.2025

**ई-निविदा सूचना**

बृहन्मुंबई महानगरपालिका द्वारा नीचे उल्लिखित विषयांकित कार्यों के लिए इच्छुक निविदाकारों से ऑनलाइन ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा वितरण एवं विक्रय की तिथि व समय तथा निविदा विक्रय की अंतिम तिथि एवं समय से संबंधित विस्तृत जानकारी बृहन्मुंबई महानगरपालिका की वेबसाइट http://portal.mcgm.gov.in तथा महाटेंडर पोर्टल http://mahatenders.gov.in पर "निविदा अवलोकन" के अंतर्गत प्रकाशित/अपलोड की गई है।

| क्र.सं. | निविदा क्रमांक | निविदा का विषय |
|---|---|---|
| 1 | 2025_MCGM_1252405_1 | एफ/उत्तर विभाग, वडाला अग्निशमन केंद्र में सूचना एवं एड्रेसेबल बोर्ड की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण तथा कार्यान्वयन का कार्य। |
| 2 | 2025_MCGM_1252400_1 | एफ/दक्षिण विभाग के रावली कैम्प अग्निशमन केंद्र में विभिन्न उपयोगिता कार्यों का पुनर्स्थापन। |

इच्छुक निविदाकार विस्तृत जानकारी के लिए महाटेंडर संकेतस्थल http://mahatenders.gov.in तथा बृहन्मुंबई महानगरपालिका की वेबसाइट http://portal.mcgm.gov.in पर अवश्य देखें।

हस्ता/-
(कार्यकारी अभियंता,
यांत्रिकी (वि.स.), परि.)

पीआरओ/ 2417 / विज्ञा. /2025-26

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

संपादकीय

# विश्व विजेता बेटियां

रविवार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने वो इतिहास रचा, जिसका दो दशक से इंतजार था। एक दिवसीय क्रिकेट का वर्ल्ड कप जीतकर उन्होंने उस कमी को पूरा किया, जो साल 2005 और 2017 में फाइनल में पहुंचकर भी हासिल न हो सकी थी। ऐसे वक्त में जब भारतीय महिला क्रिकेट टीम को खिताबी दौड़ में कमजोर माना जा रहा था, उसने सात बार की चैंपियन आस्ट्रेलिया टीम को सेमीफाइनल के एक रोमांचक मुकाबले में हरा दिया था। मुकाबले में मुंबई की जेमिमा रॉड्रिग्स ने 127 रन की तूफानी यादगार पारी खेली। लगता था शुरुआत में कई मैच हारने वाली भारतीय महिला टीम ने अपनी ऊर्जा फाइनल मुकाबले के लिये बचा रखी थी, जिसमें उन्होंने दक्षिण अफ्रीका की टीम को 52 रन से हरा दिया। रविवार की रात हरमनप्रीत कौर की कप्तानी ने पासा ही पलट दिया। फिर उनकी टीम ने नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में चालीस हजार से ज्यादा दर्शकों के बीच जीत का जश्न जमकर मनाया। इस जुनूनी जश्न की वे हकदार भी थीं। साथ ही देश के एक अरब चालीस करोड़ लोगों को भी जीत के जश्न में डुबो दिया। लोग इस साल होने वाले कई दुखांत घटनाक्रमों को भुला इस जीत की लय में झूम उठे। यह सुखद आश्चर्य ही था कि टीम ने लगातार तीन हार झेलने के बाद टूर्नामेंट में दमदार वापसी की। सेमीफाइनल में लोग सात बार की चैंपियन आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय टीम को कमतर आंक रहे थे। सुखद आश्चर्य देखिये कि फाइनल मुकाबले में हरियाणा की उस शैफाली वर्मा ने करिश्माई पारी खेली, जो विश्व कप के शुरू होने से पहले टीम का हिस्सा भी नहीं थी। उसने अपने चयन को तार्किक साबित किया। इसी तरह दीप्ति शर्मा ने भी शानदार खेल का परिचय दिया। निश्चय ही महिला क्रिकेट टीम की यह शानदार जीत देश की उन लाखों बेटियों के सपनों को नयी ऊंचाइयां देगी, जो अपना आसमान हासिल करना चाहती हैं। निस्संदेह, विश्वकप में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की शानदार जीत के दूरगामी परिणाम होंगे। इस खेल में टीम दीर्घकालिक वर्चस्व कायम रख सकती है। दरअसल, अब तक महिला क्रिकेट को दोयम दर्जे का माना जाता रहा है। दरअसल, जब से महिला खिलाड़ियों को पुरुष खिलाड़ियों के समान वेतन मिलने लगा और उन्हें आईपीएल-शैली की टी-20 लीग में दमखम दिखाने का मौका मिला, टीम के प्रदर्शन में अभूतपूर्व सुधार आया। धीरे-धीरे वे पुरुष क्रिकेट के सितारों की तरह आभा बिखेरने लगी। हालांकि, आगे की राह इतनी भी आसान नहीं है, उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। फिलहाल उनके पास इस कामयाबी का जश्न मनाने का मौका है। उल्लेखनीय है कि टीम में कई ऐसी खिलाड़ी हैं जिन्होंने तमाम आर्थिक-सामाजिक चुनौतियों का मुकाबला करके अपनी जगह बनायी। वे तपती पगडंडियों से गुजरने वाली बेटियों के लिये प्रेरणास्रोत हैं। इन खिलाड़ियों ने मैदान से पहले निजी जीवन में बड़ा संघर्ष किया। बेहद जटिल पृष्ठभूमि से आने के बावजूद वे विश्व विजेता टीम का हिस्सा बनी हैं। उनके साथ अभ्यास मैच खेलने के लिये लड़कियां नहीं होती थी, अतः वे शुरुआती क्रिकेट लड़कों की टीम के साथ खेलती थीं। उनके माता-पिता को समाज की छींटाकशी का भी शिकार होना पड़ता था। मध्यप्रदेश की क्रांति गौड़ ने आर्थिक बदहाली का जीवन जिया और प्रैक्टिस मैच के लिये पैसे की मदद न मिलने पर मां ने गहने तक बेचने पड़े। वक्त बदला है और आज मध्य प्रदेश सरकार ने उसे एक करोड़ का पुरस्कार देने की घोषणा की है। स्पिनर राधा यादव का परिवार मुंबई के कांदिवली में रहता है और उसके पिता सब्जी बेचते रहे हैं। उनकी प्रतिभा पहचानकर क्रिकेटर प्रफुल्ल नाइक ने उसके परिजनों को क्रिकेट खेलने के लिये मनाया। संगरूर जिले की रहने वाली सफल गेंदबाज अमनजोत के, पेशे से कारपेंटर पिता भूपेंदर सिंह ने उनकी प्रतिभा को पहचाना। उन्होंने अपना कामधंधा दांव पर लगाया। इसी तरह हिमाचल के एक किसान परिवार से आने वाली तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर ने अपने दिवंगत पिता के सपने को पूरा किया। निस्संदेह, इन लड़कियों की कामयाबी न केवल समाज में लड़कियों के प्रति नजरिया बदलेगी, बल्कि उन जैसी लाखों लड़कियों को क्रिकेट में भविष्य आजमाने के लिये भी प्रेरित करेगी।

शख्सियत | अमर गोस्वामी

## हिंदी साहित्य के प्रमुख कथाकार



अमर गोस्वामी (28 नवंबर 1945 - 26 जून 2012) एक वरिष्ठ पत्रकार और हिंदी साहित्य के प्रमुख कथाकारों में से एक थे । उनके कार्यों में व्यंग्य, लघु कथाएँ, कविताएँ, उपन्यास, लघु उपन्यास और बंगाली से हिंदी अनुवाद शामिल हैं ।

उनका जन्म ब्रिटिश भारत के मुल्तान में एक संपन्न बंगाली ब्राह्मण परिवार में हुआ था। दो साल की उम्र में, उनका परिवार मुल्तान (अब पाकिस्तान में ) से उत्तर प्रदेश के मिर्ज़ापुर आ गया। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से एमए (हिंदी), साहित्य शिरोमणि (स्वर्ण पदक विजेता) और साहित्य रत्न की उपाधि प्राप्त की ।

वे मिर्ज़ापुर स्थित अपने पैतृक घर में रहते थे और ₹सरस्वती₹ के संस्करणों के संग्रह में उन्हें हिंदी साहित्य का एक अनूठा भंडार मिला। बचपन में ही वे सरस्वती पत्रिका में प्रकाशित साहित्यिक लेखों से प्रभावित हुए और बहुत कम उम्र में ही लिखना शुरू कर दिया। वे स्कूल की वाद-विवाद टीम के नियमित सदस्यों में से एक थे और उन्होंने कई वाद-विवाद और लेखन प्रतियोगिताएँ जीतीं। किशोरावस्था में ही उन्होंने कविताएँ लिखना शुरू कर दिया और रोटरी क्लब, मिर्ज़ापुर द्वारा आयोजित साहित्यिक समूहों और सभाओं में कविता पाठ करने लगे। उन्होंने मिर्ज़ापुर के इतिहास पर एक पुस्तक भी लिखी है।

अमर गोस्वामी ने इलाहाबाद में वैचारिकी नामक साहित्यिक गोष्ठियों का आयोजन करने के लिए एक समूह बनाया। वस्तुतः यह गोष्ठी (साहित्यिक गोष्ठी) एक खुला मंच था जहाँ सभी प्रतिभागी उस समय के हिंदी लेखकों की नवीनतम रचनाओं पर चर्चा करते और अपने विचार साझा करते थे। यह महीने में एक बार होता था जहाँ अतिथि वक्ता गोष्ठी की अध्यक्षता करते थे और प्रतिभागियों की नवीनतम रचनाओं पर चर्चा शुरू करते थे। इन गोष्ठियों में सुमित्रानंदन पंत, इल्लईचंद जोशी, नरेश मेहता, शैलेश मटियानी और कई अन्य प्रमुख हिंदी लेखक शामिल होते थे।

दिल्ली आने के बाद उन्होंने अपनी लेखन शैली में बदलाव किया और महानगरीय क्षेत्र में आम आदमी और मध्यम वर्ग के जीवन, समस्याओं और संघर्ष को अपनी लेखन शैली में शामिल किया। उन्होंने अपनी बुद्धिमता का इस्तेमाल आम आदमी के संघर्ष को उजागर करने के लिए किया और कलाकार, हड़प राम गदप, बूजो बहादुर, जूता, अपना उत्सव, गोविंद गाथा आदि जैसी उत्कृष्ट कृतियाँ लिखीं।

उनका पहला कहानी संग्रह हिमायती 1986 में प्रकाशित हुआ था। तब से अब तक उनकी 25 से ज़्यादा किताबें प्रकाशित हो चुकी हैं, जिनमें कहानी संग्रह, उपन्यास, बच्चों की किताबें और राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के प्रौढ़ शिक्षा अभियान के लिए विशेष रूप से लिखी गई किताबें शामिल हैं। इसके अलावा, उन्होंने 70 से ज़्यादा किताबों का बंगाली से हिंदी में अनुवाद किया है।

# नीतीश कैबिनेट के नए फैसलों से उभरती संभावनाएँ



कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार,
साहित्यकार-स्तम्भकार

बिहार सरकार ने हाल ही में कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं, जिनसे राज्य के आर्थिक, औद्योगिक, तकनीकी और सामाजिक परिदृश्य में व्यापक बदलाव आने की उम्मीद है। नीतीश कुमार के नेतृत्व में लिए गए इन निर्णयों में एक करोड़ नौकरियाँ व रोजगार, डिफेंस कॉरिडोर की स्थापना, सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग पार्क, पुरानी बंद पड़ी मिलों का पुनरुद्धार, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस मिशन की शुरुआत, और पर्यावरण-सम्मत आधुनिक टाउनशिपों का विकास जैसे बड़े कदम शामिल हैं।

यह केवल योजनाओं का विस्तार नहीं, बल्कि बिहार को एक उद्योग प्रधान तकनीक संचालित और रोजगार-समृद्ध राज्य के रूप में स्थापित करने का एक बड़ा रोडमैप है। बिहार में विकास की नई लहर की एक पृष्ठभूमि की सक्रियता देखने को मिल रही है।बिहार लंबे समय तक आर्थिक पिछड़ेपन, उद्योगों के पलायन और कम रोजगार अवसरों जैसी चुनौतियों से जूझता रहा है। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में बुनियादी ढाँचा, शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क नेटवर्क में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, लेकिन उद्योग और टेक्नोलॉजी आधारित विकास अभी भी अपेक्षा से कम था।



नीतीश कैबिनेट के हालिया फैसलों ने उस खालीपन को भरने का प्रयास किया है, जिससे न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि बिहार के युवाओं को यहाँ ही रोजगार के बेहतरीन अवसर मिलेंगे।

एक करोड़ नौकरियाँ एवं रोजगार की सम्भावना से इंकार नही किया जा सकता है। बिहार युवाओं के लिए बड़ी उम्मीदलेकर आया है।सरकार ने अगले कुछ वर्षों में एक करोड़ रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया है। यह निर्णय बिहार के इतिहास में अब तक सबसे बड़ा रोजगार मिशन माना जा रहा है। इस योजना में सरकारी भर्तियाँ,शिक्षकों की बड़े पैमाने पर भर्ती,स्वास्थ्य क्षेत्र में डॉक्टर, नर्स और टेक्नीशियन की नियुक्ति,पुलिस बल में रिक्तियों की पूर्ति और पंचायती राज और शहरी निकायों में नियुक्तियाँ शामिल है। निजी क्षेत्र में रोजगार भी उपलब्ध होगा।यहाँ डिफेंस कॉरिडोर, सेमीकंडक्टर पार्क, बंद मिलों को चालू करने और समर्थन मूल्य को बढ़ावा देने जैसी योजनाएँ सीधे नए रोजगार पैदा करेंगी। कौशल-आधारित रोजगार पर भी पूरा फोकस है।

सरकार उद्योगों की जरूरतों के अनुसार नए कोर्स और ट्रेनिंग मॉड्यूल शुरू करेगी।बिहार से होने वाले बड़े पैमाने पर पलायन में कमी आएगी।युवावर्ग गुजरात,मुम्बई आदि औधोगिक शहर की तरफ पलायन कर रहे है। इस दिशा में जरुर कमी आएगी। इसके साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्था की मजबूती देखने को मिलेगी।युवाओं में उभरता आत्मविश्वास इस बात का धोतक है कि युवाओं ने उस सिस्टम पर भरोसा किया है,जिसकी कथनी करनी समान है। बिहार में चीनी उद्योग को पुनर्जीवित करने की दिशा में सदन में चर्चा हुई।बिहार कभी चीनी उद्योग के लिए देशभर में प्रसिद्ध था, लेकिन बदहाल प्रबंधन, तकनीकी पिछड़ापन और बाजार प्रतिस्पर्धा के कारण अधिकांश चीनी मिलें बंद हो गईं।

कैबिनेट का नया निर्णय है कि पुरानी चीनी मिलों को आधुनिक तकनीक से पुनः शुरू किया जाएगा।

गन्ना किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य और डिजिटल भुगतान की सुविधाएं उपलब्ध होगी।एथेनॉल उत्पादन पर जोर दिया जा रहा है क्योंकि एथेनॉल नीति बिहार के लिए लाभदायक है।संभावित लाभ पर सभी की नजर है।हजारों स्थायी रोजगार,कृषि-केंद्रित अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।एथेनॉल उत्पादन के माध्यम से राज्य की अतिरिक्त आय बढ़ेगी। डिफेंस कॉरिडोर उद्योग और सुरक्षा का नया आयाम प्रस्तुत कर रहा है। बिहार में डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर की स्थापना एक ऐतिहासिक कदम है। रक्षा उत्पादन क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है, ऐसे में बिहार के लिए यह अवसर बड़ी छलांग साबित हो सकता है।डिफेंस कॉरिडोर से फायदेभी अपार है।ड्रोन, हथियार, गोला-बारूद, रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण उच्च तकनीकी कौशल की मांग और

विदेशी व घरेलू कंपनियों का निवेश आदि सम्मिलित होगा।युवाओं के लिए उच्च वेतन वाली नौकरियाँ और आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई चेन उद्योगों का विकास आदि नई सरकार की बड़ी उपलब्धि के तौर पर देखा जा रहा है।यह कॉरिडोर बिहार को देश के रणनीतिक औद्योगिक नक्शे पर एक नई जगह देगा। सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग पार्क डिजिटल बिहार की आधारशिला है।आज दुनिया चिप और सेमीकंडक्टर की कमी से जूझ रही है। भारत भी वैश्विक बाजार में हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए सेमीकंडक्टर विनिर्माण पर जोर दे रहा है। बिहार ने इस दौड़ में शामिल होकर यह संकेत दिया है कि राज्य डिजिटल अर्थव्यवस्था में योगदान देने को तैयार है।चिप डिजाइन व टेस्टिंग लैब इस पार्क में उपलब्ध होंगे।

वेफर फैब्रिकेशन यूनिट, इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर निर्माण, अनुसंधान केंद्रस्थापित होंगे। अत्याधुनिक तकनीकी नौकरियाँ उच्च निवेश इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर का प्रसार सहित लाभ उपलब्ध होगा। नीतीश सरकार ने पुरानी बंद मिलों का पुनरुद्धार और औद्योगिक धरोहर को नई जान देने के लिए मार्ग प्रशस्त किये है।

बिहार की कई चीनी मिलें, जूट मिलें, कपड़ा मिलें और कृषि आधारित उद्योग दशकों से बंद पड़े हैं।सरकार ने निर्णय लिया है किपब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल अपनाया जाएगा।नई तकनीकों से मिलों को आधुनिक रूप दिया जाएगा।

स्थानीय स्तर पर समर्थन मूल्य को जोड़कर सप्लाई चेन तैयार होगी।इससे स्थानीय रोजगार सृजन,किसानों को स्थिर बाजार औरग्रामीण औद्योगिकीकरण की गति बढ़ेगी।

जीवन मंत्र

# प्रेम के मार्ग में चतुराई बहुत बुरी चीज़ है

प्रेम का असली आधार पारदर्शिता और सादगी है। जब दो दिल एक-दूसरे पर विश्वास करते हैं, तभी प्रेम फलता है। इसके विपरीत जब कोई व्यक्ति प्रेम में चालाकी करने लगता है—कभी छुपाना, कभी दिखावा करना, कभी मनोवैज्ञानिक खेल खेलना—तो वह प्रेम के मूल तत्वों को चोट पहुँचाता है।

यह वाक्य सुनने में सरल लगता है, लेकिन इसके भीतर प्रेम के वास्तविक स्वरूप की गहरी समझ छिपी है। प्रेम एक ऐसा भाव है जो पूरी तरह सत्य, विश्वास और निष्कपटता पर टिका होता है। जहाँ दिल से दिल का संबंध हो, वहाँ कोई गणित, कोई चालाकी, कोई स्वार्थ नहीं होना चाहिए। चतुराई का स्वभाव ही यह है कि वह सामने वाले को प्रभावित करने, नियंत्रित करने या मनमुताबिक दिशा देने की कोशिश करती है। प्रेम में जब मनुष्य चतुराई का उपयोग करता है, तो वह प्रेम को रिश्ता नहीं, बल्कि सौदा बना देता है। ऐसी बुद्धि रिश्ते में दूरी पैदा करती है और धीरे-धीरे प्रेम अपनी पवित्रता खो देता है।

प्रेम का असली आधार पारदर्शिता और सादगी है। जब दो दिल एक-दूसरे पर विश्वास करते हैं, तभी प्रेम फलता है। इसके विपरीत जब कोई व्यक्ति प्रेम में चालाकी करने लगता है—कभी छुपाना, कभी दिखावा करना, कभी मनोवैज्ञानिक खेल खेलना—तो वह प्रेम के मूल तत्वों को चोट पहुँचाता है। चतुराई अस्थायी रूप से संबंध को संभाल सकती है, लेकिन लंबे समय में यह अविश्वास, शंका और दूरी को जन्म देती है। प्रेम वहीं टिकता है जहाँ



व्यक्ति खुद को पूरी तरह सच्चाई से समर्पित कर सके, बिना किसी स्वार्थ या गणना के।

चतुराई प्रेम को एकतरफा बना देती है, क्योंकि चतुर व्यक्ति प्रेम देने से ज़्यादा पाने की सोचता है। वह हमेशा यह मापना चाहता है कि उसे कितना मिल रहा है और बदले में उसे क्या लाभ मिलेगा। जब प्रेम में लेन-देन की भावना आ जाए, तो वह सिर्फ प्रेम का भ्रम रह जाता है, उसका सार खत्म हो जाता है। सच्चा प्रेम स्वार्थरहित होता है—वह सिर्फ देना जानता है, और इसी देने में आनंद पाता है। लेकिन चतुराई इसे बोझिल बना देती है, क्योंकि उसमें अपेक्षाएँ, गणनाएँ और छिपे हुए उद्देश्य जुड़े होते हैं।

दूसरी ओर, प्रेम में सादगी व्यक्ति को भीतर से सुन्दर बनाती है। सादगी वाला प्रेम विश्वास की नींव पर खड़ा होता है और संबंध को मजबूत बनाता है। यह प्रेम न दिखावे की भाषा जानता है, न छल की। जब दो लोग खुले दिल से, सीधे भाव से, एक-दूसरे को स्वीकार करते हैं, तब प्रेम एक पवित्र अनुभव बन जाता है। चतुराई इसे जटिल बना देती है, जबकि प्रेम जितना सरल हो, उतना ही गहरा होता है। प्रेम में सीधी बात, साफ नीयत और सच्चा समर्पण ही संबंधों को स्थायी और सुन्दर बनाते हैं।

अंत में, प्रेम में चतुराई इसलिए भी बुरी है क्योंकि वह भावनाओं को कमजोर कर देती है। चतुराई रिश्ते को खेल बना देती है जहाँ जीत–हार मायने रखती है, जबकि प्रेम में किसी की जीत या हार नहीं होती—दोनों साथ होते हैं तो ही प्रेम पूर्ण होता है।

जीवन ऊर्जा | फ्रेडरिक एंगेल्स : जन्म- 28 नवंबर 1820 | देहवसान

# स्वतंत्रता आवश्यकता की मान्यता

फ्रेडरिक एंगेल्स ( 28 नवंबर 1820 - 5 अगस्त 1895 ) एक जर्मन दार्शनिक , राजनीतिक सिद्धांतकार, पत्रकार और क्रांतिकारी समाजवादी थे । वह एक व्यापारी और कार्ल मार्क्स के आजीवन मित्र और निकटतम सहयोगी भी थे, जो मार्क्सवाद के सह-संस्थापक के रूप में कार्यरत थे ।

फ्रेडरिक एंगेल्स का यह दार्शनिक सूत्र, स्वतंत्रता आवश्यकता की मान्यता है,स्वतंत्रता की एक गहरी और वैज्ञानिक परिभाषा प्रस्तुत करता है, जो इसे केवल मनमानी इच्छाओं की पूर्ति मानने वाले आम विचार से अलग करती है। एंगेल्स के अनुसार, स्वतंत्रता का अर्थ अटूट प्राकृतिक और सामाजिक नियमों (Necessity) को तोड़ना नहीं है, बल्कि उन नियमों के अस्तित्व को पूरी तरह से पहचानना (Recognition) और समझना है। यह आवश्यक नियम, चाहे वे गुरुत्वाकर्षण जैसे भौतिक नियम हों या पूंजीवाद के आर्थिक नियम, ब्रह्मांड में वस्तुनिष्ठ रूप से मौजूद हैं और मनुष्य की इच्छा से स्वतंत्र रूप से कार्य करते हैं। जब तक मनुष्य इन नियमों से अनभिज्ञ रहता है, वह उनका गुलाम होता है। वह अनजाने में इन शक्तियों के अधीन कार्य करता है और घटनाओं को भाग्य या नियति का खेल मानता है।



इस अज्ञानता की स्थिति में, मनुष्य चाहे कितनी भी इच्छा करे, वह वास्तव में स्वतंत्र नहीं हो सकता।

स्वतंत्रता तब प्रकट होती है जब यह अज्ञानता ज्ञान में बदल जाती है। आवश्यकता को पहचानने का अर्थ है उस नियम को उसके सार, कारण और प्रभाव के साथ वैज्ञानिक रूप से समझना। एक बार जब नियम समझ में आ जाता है, तो मनुष्य निष्क्रिय रूप से उसका शिकार होने के बजाय, उन नियमों को अपने लाभ के लिए सक्रिय रूप से उपयोग करने की क्षमता विकसित करता है। उदाहरण के लिए, जब मनुष्य ने वायुगतिकी और गुरुत्वाकर्षण के नियमों की आवश्यकता को समझा, तो उसने उड़ने की इच्छा को इन नियमों के विपरीत जाने के बजाय, इन्हीं नियमों का उपयोग करके विमानों के रूप में साकार किया।



सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश

# समझ का दीपक : कर्म, विवेक और जीवन की सच्चाई

प्राचीन काल में गौतमी नाम की एक वृद्ध ब्राह्मणी रहती थी, जिसका जीवन उसके एकमात्र पुत्र के इर्द-गिर्द ही घूमता था। एक दिन उसका पुत्र खेलते–खेलते खेतों के पास गया, जहाँ एक विषधर सर्प ने उसे डस लिया और वह कुछ ही क्षणों में मृत्यु को प्राप्त हो गया। यह दृश्य देखकर अर्जुनक नाम का एक व्याध अत्यंत क्रोधित हो उठा। उसने तुरंत फंदे से उस सर्प को पकड़ लिया और क्रोध में काँपते हुए उसे लेकर गौतमी के पास पहुँचा। व्याध ने कहा कि देवी, यह वही सर्प है जिसने आपके पुत्र की हत्या की है; बताइए इसे अग्नि में झोंक दूँ या टुकड़े–टुकड़े कर दूँ? किंतु अपने पुत्र की मृत्यु से व्यथित होने के बावजूद गौतमी का मन धर्म और विवेक से भरा था। उसने शांत स्वर में कहा कि सर्प को मारने से उसका पुत्र तो वापस नहीं आएगा और न ही उसके जीवित रहने से मुझे कोई हानि है, इसलिए व्यर्थ हिंसा कर पाप का बोझ अपने सिर मत लो।



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

व्याध इस उत्तर से असंतुष्ट रहा और बोला कि शोकमग्न मन ऐसा उपदेश नहीं सुन सकता; इस दुष्ट सर्प को तत्काल मार डालना ही न्याय है। वह बार–बार सर्प को मारने की जिद करता रहा, पर गौतमी ने उसकी एक न सुनी। तभी बँधा हुआ सर्प मनुष्य की भाषा में बोल उठा कि मेरा कोई अपराध नहीं है, मैंने अपने मन से नहीं बल्कि मृत्यु की प्रेरणा से इस बालक को डसा है। परंतु व्याध को उसकी बात पर विश्वास नहीं हुआ और वह क्रोध में कहने लगा कि पाप तूने ही किया है, चाहे स्वयं किया हो या किसी के कहने से, इसलिए तू ही मृत्यु का दोषी है।

सर्प ने अपने प्राणों की रक्षा के लिए व्याध को समझाया कि अपराध करने पर भी दूत, सेवक या शस्त्र को अपराधी



नहीं माना जाता; अपराधी तो वह है जिसके आदेश से कार्य हुआ। तभी वहाँ शरीरधारी मृत्यु देवता प्रकट हुए और बोले कि सर्प मुझे क्यों दोष देता है, जबकि मैं तो स्वयं काल के अधीन हूँ। जैसे काल का आदेश होता है, मैं वैसा ही करता हूँ। इसी समय काल देवता भी प्रकट हुए और उन्होंने कहा कि बालक की मृत्यु में न सर्प का दोष है, न मृत्यु का और न मेरा। संसार का प्रत्येक जीव अपने कर्मों के अनुसार सुख, दुख, जन्म और मृत्यु प्राप्त करता है। यह बालक भी अपने पूर्व जन्म के कर्मदोष के कारण अकाल मृत्यु को प्राप्त हुआ है।

काल की वाणी सुनकर गौतमी के मन का शोक दूर हो गया। सत्य का ज्ञान होते ही उसने व्याध से कहा कि सर्प को मुक्त कर दे। व्याध ने भी उसके आदेशानुसार सर्प को छोड़ दिया। इस कथा से यह समझ आता है कि जीवन में बाहरी कारण सिर्फ माध्यम होते हैं, असली कारण हमारे अपने कर्म होते हैं। हम जितना दूसरों को दोष देते हैं, उतना ही सत्य से दूर हो जाते हैं। क्रोध नहीं, विवेक ही सच्ची शक्ति है—गौतमी ने शोक में भी धैर्य और दया का मार्ग चुना। क्षमा सर्वोच्च धर्म है, क्योंकि हिंसा और प्रतिशोध से न तो कोई वापस आता है, न ही मन को शांति मिलती है। सही ज्ञान ही दुख को समाप्त करता है, और अंततः यही सत्य है कि जीव अपने कर्मों के अनुसार ही सुख–दुःख और जीवन–मृत्यु का अनुभव करता है। दूसरों को दोष देने से सत्य नहीं बदलता—कर्म ही जीवन की दिशा तय करते हैं।

## अपने विचार

सभी नेताओं ने परिश्रम की पराकाष्ठा की है। चुनाव में एक प्रतिशत का योगदान भी बहुत बड़ा होता है, लेकिन कोई नेता यह न सोचे कि जीत उसकी वजह से मिली है। ऐसा सोचना घमंड पैदा करता है।



-अमित शाह,
गृहमंत्री,भारत सरकार

अपराध पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है, लेकिन अपराध के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है. नीतीश कुमार जी ने बिहार को सुशासन दिया है और हम उसी रास्ते पर आगे बढ़ रहे हैं।अपराध नियंत्रण सर्वोच्च प्राथमिकता है और आगे आने वाले दिनों में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा।



-सम्राट चौधरी,
डिप्टी सीएम,बिहार

मुस्लिम हमारे लिए वोट नहीं करते हैं। हम क्या करें। जब समुदाय हमारा समर्थन ही नहीं करता, तो स्वाभाविक है कि हमारे पास मुस्लिम सांसद नहीं होंगे और फिर मंत्री भी नहीं होंगे। चिकन एंड एग वाली स्थिति है।



-राजीव चंद्रशेखर,
नेता,भाजपा

एक कहावत है कि शब्दों की ताकत ही दुनिया की ताकत है, जिसका मतलब है कि हमारे लिए अपना वादा निभाना दुनिया की सबसे बड़ी ताकत है। चाहें वह जज हो, भारत के राष्ट्रपति हों, मैं रहूं या आप में से कोई और रहे। हम सभी को इसका सम्मान करना चाहिए।



-डीके शिवकुमार,डिप्टी सीएम,कर्नाटक

अपने विचार
डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रियल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज़िमेदार).

## ब्रीफ न्यूज़

### सरकारी जमीन पर बढ़ते अतिक्रमण पर पर्यावरणविद की सीएम से तत्काल दखल की मांग



**ठाणे।** पर्यावरणविद डॉ. प्रशांत रेखा रवींद्र सिंकर ने सरकारी और जंगल की जमीन पर बढ़ते अवैध कब्जों को प्रकृति और भविष्य की पीढ़ियों के लिए गंभीर खतरा बताते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कहा कि नकली कागजात, मिलीभगत और बिना अनुमति निर्माण के कारण पहाड़ियों, खाड़ियों, जलस्रोतों, घास के मैदानों व संवेदनशील जंगल क्षेत्रों का प्राकृतिक स्वरूप नष्ट हो रहा है, जिससे ग्राउंडवॉटर लेवल गिर रहा है, गर्मी बढ़ रही है, बाढ़ का खतरा बढ़ रहा है और प्रदूषण भी तेज़ी से बढ़ रहा है। डॉ. सिनकर का कहना है कि अतिक्रमण के खिलाफ आवाज उठाना नागरिकों के लिए खतरनाक हो गया है क्योंकि राजनीतिक दबाव और धमकियों के चलते लोग चुप रहने को मजबूर हैं।

### पश्चिम रेलवे की तीन जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के फेरे विस्ताारित

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से 03 जोड़ी स्पेसशल ट्रेनों के फेरे विस्तावरित किए गए हैं। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ट्रेन संख्या 09007 वलसाड – खातीपुरा स्पेअशल के फेरों को 25 दिसंबर, 2025 तक विस्तावरित किया गया है। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09008 खातीपुरा – वलसाड स्पेरशल के फेरों को 26 दिसंबर, 2025 तक विस्ता्रित किया गया है। ट्रेन संख्या 09575 राजकोट – महबूबनगर स्पे्शल के फेरों को 29 दिसंबर, 2025 तक विस्ताारित किया गया है। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09576 महबूबनगर – राजकोट स्पौशल के फेरों को 30 दिसंबर, 2025 तक विस्तायरित किया गया है। ट्रेन संख्या 09520 ओखा – मदुरै स्पेगशल के फेरों को 29 दिसंबर, 2025 तक विस्ता रित किया गया है। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09519 मदुरै – ओखा स्पेशल के फेरों को 02 जनवरी, 2026 तक विस्ता रित किया गया है।

### 30 नवंबर से बंद रहेंगी नालासोपारा–नायगाँव स्टेशनों पर फुट ओवर ब्रिज की सीढ़ियाँ

**नालासोपारा।** नालासोपारा स्टेशन पर डेक निर्माण एवं फुट ओवर ब्रिज (FOB) के विस्तार कार्य हेतु प्लेटफ़ॉर्म क्रमांक 1 पर स्थित फुट ओवर ब्रिज की अतिरिक्त उत्तर एवं दक्षिण (सेकेंडरी) डबल डिस्चार्ज सीढ़ियाँ 30 नवम्बर, 2025 से बंद रहेंगी। यात्रियों से अनुरोध है कि वे उत्तर दिशा में स्थित मुख्य सीढ़ी का उपयोग करें। इसी प्रकार, नायगाँव स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज (FOB) के विस्तार एवं निर्माण का कार्य प्रगति पर है। अतः प्लेटफ़ॉर्म क्रमांक 1 पर स्थित दक्षिणी FOB की सीढ़ी 30 नवम्बर, 2025 से बंद रहेगी। हालांकि, यात्रियों के लिए FOB की उत्तरी ओर स्थित वैकल्पिक सीढ़ी उपलब्ध रहेगी।

# आप के आशीर्वाद से एक रिक्शा चालक मुख्यमंत्री बन सकता है: डॉ. श्रीकांत शिंदे



**परतूर में श्रीकांत शिंदे की जनसभा में भारी जनसैलाब**

डीबीडी संवाददाता | जालना

जालना के परतूर में शिवसेना सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे की चुनावी सभा में भारी जनसमूह उमड़ा। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने विरोधियों पर तीखा प्रहार किया और कहा कि परतूर व अंबड में वर्षों से अलग-अलग दलों की सत्ता रही, पर स्थानीय समस्याएँ अभी भी जस की तस हैं। डॉ. शिंदे ने कहा कि राज्य में बड़े पैमाने पर विकास कार्य चल रहे हैं, फिर भी परतूर अभी तक विकास से दूर है। उन्होंने आश्वस्त किया कि शिवसेना को यहाँ सत्ता मिली तो विकास के लिए फंड की कमी नहीं रहने दी जाएगी।

### पार्टी के दावों का राजनीतिक परिप्रेक्ष्य

सभा में मंत्री संजय शिरसाट, शिवसेना नेता अर्जुन खोतकर, सचिव भाऊसाहेब चौधरी, विधायक हिकमत उढाण, संपर्क प्रमुख भास्कर आंबेकर, पंडितराव भुदेकर, अभिमन्यु खोतकर सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे। शिवसेना ने परतूर नगराध्यक्ष पद पर रेणुका हिवाळे और अंबड नगराध्यक्ष पद पर सना पटेल को उम्मीदवार घोषित किया।

### 'लाड़ली बहनों' को लेकर लोगों में उत्साह

डॉ. श्रीकांत शिंदे ने कहा कि महाराष्ट्रह में 'लाड़ली बहनों' की एक अलग और मजबूत पहचान बनी है और उन्होंने चुनाव में क्रांति दिखाई है। इसी कारण शिवसेना ने परतूर व अंबड में 'लाडकी बहिनों' को ही प्रत्याशी बनाया है। उन्होंने महाविकास आघाड़ी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि एमवीए को लोकसभा में 31 सीटें मिलीं और उसने विधानसभा से पहले मंत्रिमंडल घोषित कर दिया था, पर विधानसभा चुनाव में लाड़ली बहनों ने उनकी योजनाएं ध्वस्त कर दीं और उनका मंत्रिमंडल बरखास्त कर दिया।

### जन-आशीर्वाद से बने नेता का उदाहरण

शिंदे ने अपने भाषण में कहा कि शिवसेना लोगों की पार्टी है जहाँ एक किसान का बेटा या रिक्शा चालक भी मुख्यमंत्री बन सकता है — सब कुछ जनता के आशीर्वाद से। उन्होंने यह भी कहा कि शिंदे साहेब ने कभी केवल वादे नहीं किए, बल्कि किए हुए वचनों का पालन भी किया है और शासन का दरवाजा आम जनता के लिए खुला रहता है।

### परतूर–अंबड के विकास के लिए निधि का भरोसा

डॉ. श्रीकांत शिंदे ने बताया कि एकनाथ शिंदे ने परतूर के लिए 50 करोड़ रुपये का विकास निधि मंजूर किया है। उन्होंने मतदाताओं से कहा कि यदि नगराध्यक्ष और पार्षद शिवसेना के चुने गए, तो परतूर व अंबड के विकास के लिए और भी बड़े निधि मिल सकेंगे और निधि की कमी नहीं होने दी जाएगी।

### मतदाताओं से विवेकपूर्ण मतदान की अपील

अंत में शिंदे ने मतदाताओं को सचेत किया कि चुनाव के पहले कई लोग पैसे लेकर आ सकते हैं, पर वोट अमूल्य है। उन्होंने कहा कि मतदान करते समय सही सोच-विचार के साथ निर्णय लें और विधानसभा में महायुती को दिए गए भारी समर्थन के क्रम को नगर परिषद चुनावों में भी दोहराएँ।

# संविधान दिवस पर अनोखा विवाह समारोह

**नवदंपति ने संविधान की उद्देशिका पढ़कर रचाई शादी**



डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी तालुका के शेलार गांव में आयोजित एक विशेष विवाह समारोह ने पूरे क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना दिया। मल्हारी कांबळे के पुत्र विशाल और रमा ने पारंपरिक मंत्रों की जगह भारतीय संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन कर वैवाहिक जीवन की शुरुआत की। संविधान दिवस पर हुआ यह आयोजन सामाजिक जागरूकता और प्रगतिशील सोच की मिसाल बन गया।

### मंगलाष्टक की जगह प्रस्तावना का वाचन

25 नवंबर को हुए इस विवाह में दूल्हा-दुल्हन ने बौद्ध पद्धति से विवाह किया, लेकिन 'मंगलाष्टक' की जगह संविधान की प्रस्तावना को मंत्रों की तरह पढ़ा। "हम भारत के लोग" से शुरू होने वाले इस संकल्प वाचन में विवाह में उपस्थित सभी लोगों ने खड़े होकर भाग लिया और नवदंपति को आशीर्वाद दिया। इस अनोखे कदम ने विवाह को समानता, न्याय और सम्मान के मूल्यों से जोड़ दिया।

### सकारात्मक संदेश

विशाल और रमा के इस आदर्श विवाह ने भिवंडी ही नहीं बल्कि पूरे महाराष्ट्र में सकारात्मक संदेश दिया है। सोशल मीडिया पर इस पहल की खूब सराहना हो रही है। लोगों का कहना है कि ऐसे विवाह समाज को एकता, संवैधानिक मूल्यों और प्रगतिशील सोच की दिशा में प्रेरित करते हैं। परिवार और मेहमानों ने इसे भावनात्मक व गर्व का क्षण बताते हुए कहा कि संविधान की प्रस्तावना के बीच बंधन में बंधते दो युवाओं को देखना अद्वितीय अनुभव रहा।

**बॉम्बे-मुंबई विवाद**

# विपक्ष को राजनीतिक फ़ायदा नहीं उठाना चाहिए : राम नाईक

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल और पूर्व केंद्रीय मंत्री राम नाईक ने बताया कि बॉम्बे-मुंबई विवाद को लेकर उन्होंने केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेंद्र सिंह को पत्र लिखकर पूरी जानकारी दी है। राम नाईक के अनुसार, मुंबई के इतिहास की पूरी जानकारी न होने के कारण मंत्री ने 'बॉम्बे' संबंधी बयान दिया था। उन्होंने विपक्ष से अपील की कि इस मुद्दे पर राजनीति न की जाए।

### नाम परिवर्तन के प्रयासों की पृष्ठभूमि

नाईक ने कहा कि जितेंद्र सिंह से तथ्यों की चर्चा के बाद वे अपना बयान वापस ले लेंगे। उन्होंने बताया कि 30 साल के उनके प्रयासों के बाद 15 दिसंबर 1995 को केंद्र सरकार ने सभी भाषाओं में 'बॉम्बे' की जगह 'मुंबई' नाम लागू करने का आदेश जारी किया था। लोकसभा सदस्य के रूप में 1989 में शपथ के दौरान भी उन्होंने ड्राफ्ट में 'बॉम्बे' शब्द के विरोध में स्पीकर को पत्र लिखा था और मांग की थी कि सभी भाषाओं में 'मुंबई' ही लिखा जाए। इसके बाद नाम बदलने की प्रक्रिया शुरू हुई, हालांकि तकनीकी कारणों और केंद्र में कांग्रेस सरकार की देर के चलते यह प्रस्ताव अटक गया। शिवसेना–भाजपा सरकार के दौरान प्रस्ताव केंद्र को भेजा गया और लगातार प्रयासों के बाद 15 दिसंबर 1995 को बॉम्बे का नाम आधिकारिक रूप से 'मुंबई' कर दिया गया।

# मंडल रेलवे प्रबंधक ने मनमाड-भुसावल खंड का किया निरीक्षण

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मध्य रेलवे के भुसावल मंडल में 27 नवंबर 2025 को मंडल रेलवे प्रबंधक पुनीत अग्रवाल ने वरिष्ठ शाखा अधिकारियों के साथ मनमाड–भुसावल सेक्शन का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इस दौरान ट्रैक की स्थिति, पुल संरचना, सिग्नलिंग प्रणाली और स्टेशन सुविधाओं का विस्तार से अवलोकन किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य सुरक्षित, सुगम और निर्बाध रेल संचालन सुनिश्चित करना था।

### तकनीकी संरचनाओं की जांच

निरीक्षण के दौरान Km 249/10 पर स्थित आरएच गर्डर एवं टर्नआउट प्वाइंट 101B की गहन जांच की गई। सुरक्षा मानकों और रेल संचालन की निरंतरता पर विशेष ध्यान दिया गया। हिरापुर स्टेशन पर डीआरएम ने ट्रैक मेंटेनरों से संवाद कर दिशा–निर्देश दिए, जबकि पिंपरखेड के सब–ट्रैक्शन स्टेशन पर तकनीकी व सुरक्षा पहलुओं की समीक्षा की गई। हिसवल स्टेशन पर स्टेशन मास्टर कार्यालय, रिले रूम और आईपीएस रूम का विस्तृत निरीक्षण किया गया।

### स्टेशन विकास कार्यों की समीक्षा

नांदगांव में क्रू लॉबी और लोको रनिंग रूम का निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं, स्वच्छता और रखरखाव की स्थिति का जायजा लिया गया। रनिंग स्टाफ से बातचीत में डीआरएम ने स्वच्छ और आरामदायक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। इसके अलावा पाचोरा–गालन खंड में Km 367/31 पर स्थित सीमित ऊंचाई वाले सबवे क्रमांक 129 का निरीक्षण किया गया।

# टोरेंट पावर और महावितरण का विशेष ग्राहक सेवा शिविर

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी और शिल-कलवा-मुंब्रा क्षेत्र में टोरेंट पावर और महावितरण (MSEDCL) द्वारा आयोजित दो दिवसीय विशेष ग्राहक सेवा शिविर में उपभोक्ताओं ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। 25 नवंबर को शिल के अरिहंत कार्यालय और 26 नवंबर को भिवंडी के चाविंद्र स्थित अर्श कार्यालय में हुए शिविरों में 700 से अधिक उपभोक्ताओं ने पहुंचकर बिलिंग, तकनीकी समस्याओं और बकाया से जुड़े




मुद्दों का समाधान कराया। अधिकारियों ने मौके पर ही शिकायतें सुनकर तुरंत कार्रवाई की।

### बकाया निपटान और जागरूकता पर जोर

शिविर का मुख्य उद्देश्य लंबित बकाया मामलों का समाधान था, जिसके तहत महावितरण ने आंशिक भुगतान (Part Payment) सुविधा देकर उपभोक्ताओं को राहत दी। टोरेंट पावर की टीम ने उपभोक्ताओं को बिलिंग सिस्टम, विजिलेंस प्रक्रिया, डिजिटल भुगतान, ऊर्जा संरक्षण और बिजली चोरी के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया। वरिष्ठ अधिकारी—जीवन क्लर्क, अंकित साहा, राघवेंद्र राव, विजय राणे और संपदा जाइंट—ने सीधे उपभोक्ताओं से संवाद कर उनकी समस्याओं को प्राथमिकता से निपटाया।

# 53वीं ई एवं एफ साउथ वार्ड विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई के मझगांव स्थित सेंट मैरी हाई स्कूल (SSC) में गुरुवार को 53वीं ई एवं एफ साउथ वार्ड विज्ञान प्रदर्शनी 2025–26 का उत्साहपूर्ण शुभारंभ हुआ। नवाचार, STEM शिक्षा और आत्मनिर्भर भारत की थीम पर आधारित इस प्रदर्शनी की शुरुआत विद्यालय बैंड की शानदार प्रस्तुति और गार्ड ऑफ ऑनर के साथ हुई। मुख्य अतिथि डॉ. वैशाली वीर, शिक्षण निरीक्षक – दक्षिण विभाग, ने वार्ड ध्वज फहराकर दो दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। संबोधन में डॉ. वीर ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे हमारी जनसंख्या का 20% हैं, लेकिन वे हमारे भविष्य का 100% हैं। उन्होंने STEM शिक्षा को विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला बताते हुए स्कूलों में नवाचार को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक बताया।




### जिज्ञासा, कल्पना और दृढ़ता ही विज्ञान की आत्मा

विशिष्ट अतिथि डॉ. ललिता दरेश्वर ने छात्रों से जिज्ञासा और कल्पना को निरंतर प्रोत्साहित करने की अपील की। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि वैज्ञानिक सोच वहीं पनपती है, जहाँ बच्चों को सवाल पूछने, प्रयोग करने और नए विचारों पर काम करने की आज़ादी मिलती है। थॉमस एडिसन और सर सी.वी. रमण के जीवन प्रसंगों का उल्लेख कर उन्होंने छात्रों को नवाचार की राह पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

### 55 से अधिक स्कूलों की सहभागिता

प्रदर्शनी में 55 से अधिक विद्यालयों ने भाग लिया। छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण, रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, नवीकरणीय ऊर्जा, स्मार्ट ए ग्रीकल्चर और डिजिटल सॉल्यूशंस जैसे आधुनिक और महत्वपूर्ण विषयों पर मॉडल प्रस्तुत किए। मैनेजर फ्र. योहान अल्फोंसो एस.जे. ने कहा- "यह मंच मॉडल प्रस्तुति से आगे बढ़कर छात्रों में क्रिटिकल थिंकिंग और समस्या समाधान की क्षमता विकसित करता है।"

### माझीवाडा का ट्रैफिक दबाव हल के लिए शीघ्र नया पुल: विधायक केलकर



डीबीडी संवाददाता | ठाणे

ठाणे के माझीवाडा से लोढ़ा इलाके में नाले पर बना 25 साल पुराना पुल जर्जर हो चुका है। बढ़ती आबादी को देखते हुए यहां नए पुल की मांग को ठाणे के बीजेपी विधायक संजय केलकर ने आगे बढ़ाया, जिसे मंजूरी मिल गई है। नया पुल बन जाने से क्षेत्र में ट्रैफिक का भारी दबाव काफी हद तक कम होने की उम्मीद है।विधायक संजय केलकर ने एमएमआरडीए इंजीनियर नितिन कांबले और पीडब्ल्यूडी के जूनियर इंजीनियर आनंद नादविडेकर के साथ पुल स्थल का निरीक्षण किया।

### जाम से मिलेगी राहत, निरीक्षण में बड़ी संख्या में नागरिक शामिल

स्थानीय अधिकारी सचिन शिंगारे पिछले तीन वर्षों से विधायक के संपर्क में थे और नया पुल इस क्षेत्र की सबसे बड़ी जरूरत बन चुका था। नया पुल बनने से अंदरूनी सड़कों पर ट्रैफिक जाम की समस्या में राहत मिलेगी और आवागमन सुगम होगा। निरीक्षण के दौरान बीजेपी पदाधिकारी विकास पाटिल, नीलेश पाटिल, पीटर डिसूज़ा, पूर्व कॉर्पोरेटर लॉरेंस डिसूज़ा समेत कई कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।




## 12 राशिफल में देखें अपना दिन

**मेष** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्ययवृद्धि होगी। तनाव रहेगा। अपरिचितों पर विश्वास न करें। प्रयास में आलस्य व विलंब नहीं करना चाहिए। रुके हुए काम समय पर होने की संभावना है। विरोधी परास्त होंगे। यात्रा कष्टप्रद हो सकती है। धैर्य एवं संयम बना रहेगा।

**वृष** कोर्ट–कचहरी में अनुकूलता रहेगी। पूजा–पाठ में मन लगेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। झंझटों में न पड़ें। उधार दिया धन मिलने से राहत हो सकती है। जीवनसाथी का सहयोग उलझे मामले सुलझाने में सहायक हो सकेगा। वाहन सावधानी से चलाएँ।

**मिथुन** बेरोजगारी दूर होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। जोखिम न लें। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें। सत्कार्य में रुचि बढ़ेगी। प्रियजनों का पूर्ण सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक चिंताएँ दूर होंगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**कर्क** भूमि व भवन संबंधी कार्य लाभ देंगे। रोजगार मिलेगा। शत्रु भय रहेगा। निवेश व नौकरी लाभ देंगे। व्यापार अच्छा चलेगा। कार्य के विस्तार की योजनाएँ बनेंगी। रोजगार में उन्नति एवं लाभ की संभावना है। पठन–पाठन में रुचि बढ़ेगी। लाभदायक समाचार मिलेंगे।

**सिंह** उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। शत्रु सक्रिय रहेंगे। शोक समाचार मिल सकता है। थकान महसूस होगी। व्यावसायिक चिंता रहेगी। संतान के व्यवहार से कष्ट होगा। सहयोगी मदद नहीं करेंगे। व्ययों में कटौती करने का प्रयास करें। वाहन चलाते समय सावधानी रखें।

**कन्या** अतिथियों का आवागमन रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। स्वाभिमान बना रहेगा। नई योजनाओं की शुरुआत होगी। संतान की प्रगति संभव है। भूमि व संपत्ति संबंधी कार्य होंगे। पूर्व कर्म फलीभूत होंगे। परिवार में सुखद वातावरण रहेगा।

**तुला** चोट, चोरी व विवाद से हानि संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कुसंगति से हानि होगी। अपने काम से काम रखें। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। आवास संबंधी समस्या हल होगी। आलस्य न करें। सोचे काम समय पर नहीं हो पाएँगे।

**वृश्चिक** राजकीय बाधा दूर होकर लाभ होगा। प्रेम–प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। क्रोध पर नियंत्रण रखें। लाभ होगा। रुके हुए काम समय पर पूरे होने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। परिवार की समस्याओं का समाधान हो सकेगा। व्यापार में नई योजनाएँ बनेंगी।

**धनु** रोमांस में समय बीतेगा। मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। व्यापार के कार्य से बाहर जाना पड़ सकता है।

**मकर** दिन प्रेमभरा गुजरेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रुका हुआ धन मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें। प्रियजनों से पूरी मदद मिलेगी। धन प्राप्ति के योग हैं। स्वयं के सामर्थ्य से ही भाग्योन्नति के अवसर आएँगे।

**कुंभ** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। विवाद न करें। सामाजिक एवं राजकीय ख्याति में अभिवृद्धि होगी। आर्थिक अनुकूलता रहेगी। रुका धन मिलने से धन संग्रह होगा। राज्यपक्ष से लाभ के योग हैं।

**मीन** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। मान–सम्मान मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सावधानी रखें। कार्यक्षमता एवं कार्यकुशलता बढ़ेगी। कर्म के प्रति पूर्ण समर्पण व उत्साह रखें। व्यापार में नई योजनाओं से लाभ होगा।

# कर्म का सिद्धांत : एक प्रेरक कथा जो जीवन का गूढ़ सत्य उजागर करती है

मैं तुम्हें प्राणदण्ड तो नहीं देता लेकिन जिस हाथ से तुमने मेरे पुत्र को तलवार से मारा है, तेरा वह हाथ काटने का आदेश देता हूँ ।
ऐसा कहकर राजा ने उसका हाथ कटवा दिया । इस पर ब्राह्मण बड़ा दुःखी हुआ और राजा को अधर्मी जान उस देश को छोड़कर विदेश में चला गया । वहाँ वह खोज करने लगा कि कोई विद्वान ज्योतिषी मिले तो बिना किसी अपराध के हाथ कटने का कारण उससे पूछूँ । किसी ने उसे बताया कि काशी में एक विद्वान ज्योतिषी रहते हैं। तब






प्रियंका जैन
9769994439

वह उनके घर पर पहुँचा । ज्योतिषी कहीं बाहर गये थे, उसने उनकी धर्मपत्नी से पूछाः माताजी ! आपके पति ज्योतिषीजी महाराज कहाँ गये हैं ?
तब उस स्त्री ने अपने मुख से अयोग्य, असह्य दुर्वचन कहे, जिनको सुनकर वह ब्राह्मण हैरान हुआ और मन ही मन कहने लगा कि मैं तो अपना हाथ कटने का कारण पूछने आया था, परंतु अब इनका ही हाल पहले पूछूँगा । इतने में ज्योतिषी आ गये। घर में प्रवेश करते ही ब्राह्मणी ने अनेक दुर्वचन कहकर उनका तिरस्कार किया । परंतु ज्योतिषीजी चुप रहे और अपनी स्त्री को कुछ भी नहीं कहा। तदनंतर वे अपनी गद्दी पर आ बैठे । ब्राह्मण को देखकर ज्योतिषी ने उनसे कहाः कहिये, ब्राह्मण देवता ! कैसे आना हुआ ?
आया तो था अपने बारे में पूछने के लिए परंतु पहले आप अपना हाल बताइये कि आपकी पत्नी अपनी जुबान से आपका इतना तिरस्कार क्यों करती है ? जो किसी से भी नहीं सहा जाता और आप सहन कर लेते हैं, इसका कारण है ?
यह मेरी स्त्री नहीं, मेरा कर्म है । दुनिया में जिसको भी देखते हो अर्थात् भाई, पुत्र, शिष्य, पिता, गुरु, सम्बंधी - जो कुछ भी है, सब अपना कर्म ही है । यह स्त्री नहीं, मेरा किया हुआ कर्म ही है, और यह भोगे बिना कटेगा नहीं। 'अपना किया हुआ जो भी कुछ शुभ-अशुभ कर्म है, वह अवश्य ही भोगना पड़ता है । बिना भोगे तो सैंकड़ों-करोड़ों कल्पों के गुजरने पर भी कर्म नहीं टल सकता ।' इसलिए मैं अपने कर्म खुशी से भोग रहा हूँ और अपनी स्त्री की ताड़ना भी नहीं करता, ताकि आगे इस कर्म का फल न भोगना पड़े ।
महाराज ! आपने क्या कर्म किया था? सुनिये, पूर्वजन्म में मैं कौआ था और मेरी स्त्री गधी थी। इसकी पीठ पर फोड़ा था, फोड़े की पीड़ा से यह बड़ी दुःखी थी और कमजोर भी हो गयी थी, फोड़े में कीड़े पड़ गये जिन्हें खाने के लिये मैं इसके फोड़े में चोंच मारकर खा लेता।

न्यूज़ ब्रीफ

## रेलिंग से टकराकर खाई में गिरी बारातियों की कार, तीन की मौत

**जौनपुर।** केराकत कोतवाली क्षेत्र में बुधवार देर रात बड़ा हादसा हो गया, जब बारातियों से भरी एक सफारी गाड़ी अनियंत्रित होकर नाले की रेलिंग से टकराई और लगभग 20 फीट गहरी खाई में गिर पड़ी। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने चीख-पुकार सुनकर तुरंत राहत कार्य शुरू किया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां तीन को मृत घोषित कर दिया गया। गंभीर घायलों को बेहतर इलाज के लिए वाराणसी के ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। हादसे के समय गाड़ी वाराणसी कैंट क्षेत्र से जौनपुर की ओर एक विवाह समारोह में शामिल होने आ रही थी। मृतकों की पहचान बबलू सोनकर (45), श्यामलाल सोनकर (35) और राजू सोनकर (45) के रूप में हुई है। घटना के बाद शादी का माहौल मातम में बदल गया। बारात के रास्ते में ही हादसे की सूचना मिलते ही परिजन और अधिकारी जिला अस्पताल पहुंचे। एसपी डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि वाहन में कुल छह लोग सवार थे। तीन की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि बाकी घायलों का इलाज जारी है। हादसे का कारण वाहन का अनियंत्रित होना बताया जा रहा है।

## 'दोस्त' ने वायरल किया अश्लील वीडियो

**नोएडा।** नोएडा थाना फेस-2 क्षेत्र में एक महिला की अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पति की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत के अनुसार, नोएडा के गेझा गांव में रहने वाला दंपति मूल रूप से पश्चिम बंगाल का है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी नियमित रूप से एक व्यक्ति के साथ वीडियो कॉल पर बात करती थी। पति के मना करने के बावजूद यह सिलसिला जारी रहा। इसी दौरान आरोपी ने वीडियो कॉल के दौरान महिला की अश्लील वीडियो रिकॉर्ड कर ली। पति ने बताया कि उसकी पत्नी अपने गांव चली गई थी, तभी आरोपी—जिसकी पहचान अनस खान के रूप में हुई है—ने वीडियो को सोशल मीडिया पर अपलोड कर वायरल कर दिया। थाना फेस-2 प्रभारी निरीक्षक विंध्याचल तिवारी ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

## दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण का कहर: हापुड़ में AQI 500 पार

**लखनऊ।** सर्दियों की शुरुआत होते ही दिल्ली-एनसीआर और उत्तर प्रदेश के कई जिलों की हवा खतरनाक स्तर तक प्रदूषित हो गई है, जिससे आम जनजीवन पर इसका गंभीर प्रभाव दिखाई देने लगा है। सुबह और शाम की धुंध में जहरीले कणों की मात्रा तेजी से बढ़ गई है, जिसकी मार बच्चों, बुजुर्गों और सांस से जुड़ी बीमारियों से जूझ रहे लोगों पर सबसे अधिक पड़ रही है। गाजियाबाद, नोएडा, हापुड़ और मेरठ जैसे औद्योगिक व घनी आबादी वाले जिलों में एयर क्वालिटी इंडेक्स लगातार 300 से ऊपर बना हुआ है, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है। वहीं हापुड़ की स्थिति सबसे चिंताजनक हो गई है, जहां AQI 500 का आंकड़ा पार कर 'गंभीर' स्तर पर पहुंच चुका है। इस स्तर का प्रदूषण न सिर्फ आंखों में जलन और गले में खराश पैदा कर रहा है, बल्कि अस्पतालों में सांस लेने में तकलीफ की शिकायतों वाले मरीजों की संख्या भी तेजी से बढ़ी है।

# लखनऊ से जुड़े दो हाईवे बनेंगे 6 लेन

- 9500 करोड़ की लागत से बनेगा लखनऊ-वाराणसी हाईवे
- 1 से डेढ़ घंटे में पूरा होगा सीतापुर का सफर

एजेंसी | लखनऊ

लखनऊ को पूर्वांचल और तराई क्षेत्रों से मजबूत और सुगम संपर्क प्रदान करने के लिए एनएचएआई इस समय दो अत्यंत महत्वपूर्ण राजमार्ग परियोजनाओं—लखनऊ-वाराणसी हाईवे (NH-731) और लखनऊ-सीतापुर रोड (NH-24)—के विस्तार कार्य को तेज गति से आगे बढ़ा रहा है। दोनों मार्गों को वर्तमान चार लेन से बढ़ाकर छह लेन बनाने की योजना न केवल क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को नए स्तर पर ले जाएगी, बल्कि राजधानी से जुड़ने वाले व्यावसायिक, औद्योगिक और कृषि क्षेत्रों की रफ्तार भी कई गुना बढ़ाएगी। इन परियोजनाओं पर 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत आने का अनुमान है, जिसके साथ यह उत्तर प्रदेश के बुनियादी ढांचे में अब तक के सबसे बड़े राजमार्ग विस्तार कार्यों में शामिल हो जाएगी।



### वाराणसी हाईवे: यात्रा समय होगा आधा

एनएच-731 की 295 किलोमीटर लंबी लखनऊ-वाराणसी सड़क को छह लेन में विकसित किया जाएगा। 9,500 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना के पूरा होने पर लखनऊ से काशी की यात्रा पाँच घंटे से घटकर ढाई से तीन घंटे में पूरी हो सकेगी। अक्टूबर 2025 से इसका सर्वे शुरू हो चुका है, जबकि डीपीआर अंतिम चरण में है। नवंबर 2025 तक जमीन अधिग्रहण भी तेजी से आगे बढ़ा है।

### सीतापुर रोड: बिना जमीन अधिग्रहण के बढ़ेगी चौड़ाई

90 किलोमीटर लंबे NH-24 को भी छह लेन में परिवर्तित किया जाएगा। इस मार्ग पर रोजाना 40 हजार से ज्यादा वाहन चलते हैं, जिससे जाम की समस्या आम है। विस्तार के बाद लखनऊ से सीतापुर की दूरी सिर्फ एक घंटे में तय की जा सकेगी। इस परियोजना की खासियत यह है कि इसके लिए नई जमीन अधिग्रहण की जरूरत नहीं होगी। अनुमानित लागत 500–700 करोड़ रुपये है। सर्वेक्षण लगभग पूरा हो चुका है और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी है।

# बच्चों का खाना खा गए परोसने वाले जिम्मेदार

एजेंसी | बलरामपुर

जिले में मध्यान्ह भोजन योजना के तहत करोड़ों रुपये के गबन का बड़ा मामला सामने आया है। विभागीय जांच के आधार पर दर्ज हुए मुकदमे में पुलिस ने गुरुवार को पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। कुल 45 लोगों के खिलाफ मामले में नामजद रिपोर्ट दर्ज हुई है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के अनुसार, बीएसए शुभम शुक्ला की शिकायत पर 11 करोड़ रुपये से अधिक की गड़बड़ी की पुष्टि हुई। आरोप है कि योजना से जुड़े कर्मचारियों और अन्य व्यक्तियों ने आपसी मिलीभगत से सरकारी दस्तावेजों में फर्जीवाड़ा कर धनराशि का अवैध रूप से इस्तेमाल किया। कोतवाली नगर पुलिस की टीम ने दबिश देकर पांच आरोपित—मलिक मुनव्वर, फिरोज अहमद, अशोक कुमार गुप्ता, नसीम अहमद और मोहम्मद अहमदुल कादरी—को नार्मल तिराहे के पास से गिरफ्तार किया।



### फर्जी संख्या वाली शीट अपलोड कर बढ़ाई धनराशि

जांच में पता चला कि विद्यालयों की वास्तविक छात्र संख्या के आधार पर बनी मूल शीट को अपलोड करने के बजाय आरोपियों ने कूटरचित शीट अपलोड की, जिसमें कुछ स्कूलों की धनराशि बढ़ाई और अन्य की घटाई गई। इससे कुल राशि में बदलाव न होने के कारण गड़बड़ी पकड़ में नहीं आती थी। अतिरिक्त धन जिन स्कूलों के खातों में भेजा गया, वहां से प्रधानाध्यापकों और समिति सदस्यों द्वारा रकम निकालकर आपस में बांट ली जाती थी।

# ऑनलाइन स्टोर का लालच देकर 60 लाख ठगा

एजेंसी | नोएडा

सोशल मीडिया पर बनी दोस्ती ने नोएडा के एक व्यक्ति को भारी नुकसान पहुंचा दिया। साइबर ठगों ने ऑनलाइन स्टोर से मोटा मुनाफा कमाने का सपना दिखाकर पीड़ित से करीब 60 लाख रुपये हड़प लिए। मामला साइबर क्राइम थाना में दर्ज कर लिया गया है और पुलिस जांच में जुट गई है। अपर पुलिस उपायुक्त (साइबर क्राइम) शैव्या गोयल ने बताया कि सेक्टर-43 निवासी मनोज नेहरा ने शिकायत दी है कि फेसबुक पर उनकी 'माही' नाम की एक महिला से जान-पहचान हुई थी। बातचीत बढ़ने पर महिला ने खुद को एक अमेरिकी कंपनी का ऑनलाइन स्टोर चलाने वाली बताया और मनोज को भी इसमें शामिल होने का लालच दिया। महिला ने मनोज को बताया कि ऑनलाइन स्टोर खोलने के बाद मिलने वाले ऑर्डर की पेमेंट पहले करनी होती है, जिसके बाद डिलीवरी पूरी होने पर पैसा वॉलेट में वापस आ जाता है और 15–20% तक का मुनाफा मिलता है।

# यूपी के कई जिलों की हवा हुई जहरीली

एजेंसी | लखनऊ

सर्दियों की शुरुआत होते ही दिल्ली-एनसीआर और उत्तर प्रदेश के कई जिलों की हवा खतरनाक स्तर तक प्रदूषित हो गई है, जिससे आम जनजीवन पर इसका गंभीर प्रभाव दिखाई देने लगा है। सुबह और शाम की धुंध में जहरीले कणों की मात्रा तेजी से बढ़ गई है, जिसकी मार बच्चों, बुजुर्गों और सांस से जुड़ी बीमारियों से जूझ रहे लोगों पर सबसे अधिक पड़ रही है। गाजियाबाद, नोएडा, हापुड़ और मेरठ जैसे औद्योगिक व घनी आबादी वाले जिलों में एयर क्वालिटी इंडेक्स लगातार 300 से ऊपर बना हुआ है, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है। वहीं हापुड़ की स्थिति सबसे चिंताजनक हो गई है, जहां AQI 500 का आंकड़ा पार कर 'गंभीर' स्तर पर पहुंच चुका है। इस स्तर का प्रदूषण न सिर्फ आंखों में जलन और गले में खराश पैदा कर रहा है, बल्कि अस्पतालों में सांस लेने में तकलीफ की शिकायतों वाले मरीजों की संख्या भी तेजी से बढ़ी है।



### कई जिलों में AQI 'बहुत खराब' श्रेणी में

सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (CPCB) की रिपोर्ट बताती है कि हापुड़ जिला 485 से ऊपर AQI के साथ सबसे अधिक प्रदूषण झेल रहा है। वहीं ग्रेटर नोएडा, नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ और लखनऊ में AQI 300–400 के बीच है, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद घातक स्तर माना जाता है।

### लखनऊ में भी हवा की गुणवत्ता चिंताजनक

राजधानी लखनऊ में भी कई इलाकों की वायु गुणवत्ता खराब बनी हुई है। सीपीसीबी की रिपोर्ट के मुताबिक, शहर का औसत AQI 179 दर्ज किया गया है। तालकटोरा इंडस्ट्री सेंटर का AQI 319, कुकरैल पिकनिक स्पॉट का 343, जबकि सेंट्रल स्कूल, लालबाग और अंबेडकर यूनिवर्सिटी क्षेत्र में AQI 241 से 285 के बीच दर्ज हुआ। विशेषज्ञ इसे गंभीर स्तर बताते हैं और लोगों को मास्क पहनने व अनावश्यक बाहर निकलने से बचने की सलाह दे रहे हैं।

# महिला एडवोकेट की संदिग्ध दशा में मौत

एजेंसी | बरेली

शहर में दहेज उत्पीड़न का एक और गंभीर मामला सामने आया है। प्रेमनगर क्षेत्र में 26 वर्षीया महजबीन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद मायके पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने पति, ससुर और परिवार के अन्य चार सदस्यों के खिलाफ दहेज हत्या सहित गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। महजबीन, जो पेशे से एडवोकेट थीं, डॉक्टर मोहम्मद तल्हा की पत्नी थीं। देर रात उनकी हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर मायका पक्ष पहुंचा और आरोप लगाया कि महजबीन को दहेज को लेकर लगातार प्रताड़ित किया जाता था।



### पति-ससुर समेत छह नामजद

पुलिस ने फरियाद के आधार पर पति, ससुर, सास, दो नंद और नंदोई के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सभी आरोपी फिलहाल फरार बताए जा रहे हैं और उनकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का स्पष्ट पता चलेगा, जिससे आगे की कानूनी कार्रवाई और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि मृतक की शिनाख्त और घटना की जांच के लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है, जो अलग-अलग सुरागों पर काम कर रही हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, घटना स्थल से जुटाई गई प्रारंभिक जानकारी और साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई है।

# माफिया अतीक के बेटे अबान पर एफआईआर

एजेंसी | प्रयागराज

सोशल मीडिया पर भड़काऊ रील डालने के आरोप में माफिया अतीक अहमद के बेटे अबान अहमद के खिलाफ पुलिस ने बुधवार देर रात मुकदमा दर्ज किया। 30 सेकेंड की इस रील में कई आपत्तिजनक और उकसाने वाले गाने इस्तेमाल किए गए थे, जिनमें 'सामने वाले को हमसे क्या मिलेगा, ये उसकी औकात बताएगी' और 'हम दिल भी रखते हैं और असलहा भी' जैसे बोल शामिल हैं। सब इंस्पेक्टर की शिकायत पर धूमनगंज थाने में यह कार्रवाई की गई। रील की शुरुआत कार के अंदर से होती है और इसके बाद कुछ युवक खड़े दिखाई देते हैं। वीडियो में अबान अहमद चश्मा लगाए कुर्सी पर बैठा नजर आता है। आगे के दृश्यों में वह एक टेबल पर लोगों के साथ खाना खाते हुए और कुछ युवकों के साथ किसी कार्यक्रम से बाहर निकलते हुए दिखाई देता है। अंत में कार सड़क पर दौड़ती दिखाई देती है। वीडियो के बैकग्राउंड में लगातार भड़काऊ गाने बजते रहे। पुलिस के अनुसार, इस रील का उद्देश्य सोशल मीडिया के जरिये समाज में दहशत फैलाना था। एसीपी धूमनगंज अजयेंद्र यादव ने बताया कि BNS की धारा 353 के तहत अबान, उसके साथी हमजा और अन्य अज्ञात लोगों पर FIR दर्ज की गई है। यह धारा उन बयान या अफवाहों पर लागू होती है, जो जान-बूझकर सार्वजनिक शांति और धार्मिक सौहार्द को भंग करने की नीयत से फैलाए जाते हैं।




# भारत-स्विट्ज़रलैंड व्यापार वार्ता

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को नई दिल्ली में स्विट्ज़रलैंड की आर्थिक मामलों की राज्य सचिव हेलेन बुडलिगर आर्टिडा से बैठक की। दोनों पक्षों ने भारत में फार्मास्यूटिकल और हेल्थकेयर सेक्टर में निवेश और सहयोग के नए अवसर तलाशने पर चर्चा की।

### निजी और सार्वजनिक क्षेत्र में निवेश

बैठक में यह भी बात सामने आई कि फार्मा और बायोटेक कंपनियों के लिए भारत में निवेश के अवसर लगातार बढ़ रहे हैं। दोनों पक्ष नए प्रोजेक्ट्स, साझेदारी और नवाचार आधारित सहयोग पर काम करने के इच्छुक हैं।



### फार्मा और आरएंडडी पर केंद्रित वार्ता

बैठक में मुख्य रूप से रिसर्च और डेवलपमेंट के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने और स्विस फार्मा एवं बायोटेक कंपनियों के लिए भारत के बढ़ते हेल्थकेयर मार्केट का लाभ उठाने के अवसरों पर जोर दिया गया। पीयूष गोयल ने बैठक के बाद बताया कि भारत में स्विस निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल तैयार है और सरकार उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित कर रही है। दोनों पक्षों ने इंडिया-ईएफटीए ट्रेड एंड इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट (टीईपीए) के तहत आपसी व्यापार और विकास को बढ़ाने की प्रगति पर भी बातचीत की। यह पहल मुख्य सेक्टर्स में सहयोग को और मजबूत करने और द्विपक्षीय व्यापार को विस्तार देने के मकसद से की गई है।

# आर्थिक सहयोग बढ़ाएंगे भारत और यूएई

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) के तहत आयोजित संयुक्त समिति की तीसरी बैठक में बाजार पहुंच, डेटा साझाकरण, डंपिंग रोधी मामलों और सेवाओं सहित विभिन्न आर्थिक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक नई दिल्ली में आयोजित हुई जिसकी सह-अध्यक्षता भारत के वाणिज्य विभाग के अपर सचिव अजय भादू और यूएई के वरिष्ठ अधिकारी जुमा अल कैत ने की। बैठक में दोनों पक्षों ने सीईपीए के तहत अब तक हुई प्रगति की समीक्षा की और स्वर्ण टीआरक्यू आवंटन, उत्पत्ति के नियम, बीआईएस लाइसेंसिंग तथा औषधि क्षेत्र में विनियामक सहयोग बढ़ाने जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। भारतीय पक्ष ने पारदर्शी प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के जरिए स्वर्ण टीआरक्यू आवंटन के हालिया निर्णय की जानकारी भी यूएई को दी।



### खाद्य सुरक्षा को भी मजबूत करेंगे दोनों देश

कृषि और खाद्य सुरक्षा सहयोग को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से एपीडा (APEDA) और यूएई के जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरण मंत्रालय के बीच खाद्य सुरक्षा से संबंधित एमओयू (Memorandum of Understanding) पर शीघ्र हस्ताक्षर करने पर सहमति बनी है। इस समझौते का उद्देश्य दोनों देशों के बीच कृषि उत्पादों, खाद्य आपूर्ति श्रृंखला और टिकाऊ कृषि तकनीकों के क्षेत्र में सहयोग को और बढ़ाना है। इसके माध्यम से न केवल निर्यात और आयात को सुगम बनाया जाएगा, बल्कि गुणवत्ता मानकों और खाद्य सुरक्षा उपायों को भी सुनिश्चित किया जाएगा।

# नई ऊंचाई पर शेयर बाजार, सेंसेक्स-निफ्टी का नया रिकार्ड

एजेंसी | नई दिल्ली

घरेलू शेयर बाजार ने गुरुवार को जोरदार शुरुआत करते हुए नया इतिहास रच दिया। वैश्विक बाजारों में सकारात्मक संकेत, अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की बढ़ती उम्मीदों और लगातार बढ़ते विदेशी निवेश के बीच सेंसेक्स और निफ्टी दोनों 14 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। बाज़ार खुलते ही तेज़ी का रुझान देखने को मिला। बीएसई सेंसेक्स 416.67 अंकों की मजबूती के साथ 86,026.18 के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया, जो सितंबर 2024 में बने पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ता है। इसी तरह, एनएसई निफ्टी 101.65 अंक बढ़कर 26,306.95 के स्तर पर पहुंच गया, जो इसका अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 400.86 अंक (0.47%) की बढ़त के साथ 86,010.37 पर जबकि निफ्टी 78.10 अंक (0.30%) चढ़कर 26,283.40 पर ट्रेड कर रहा था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर सबसे अधिक लाभ में रहे। वहीं, आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, ट्रेंट और एसबीआई के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। गौरतलब है कि बुधवार को भी बाजार ने मजबूत बढ़त के साथ कारोबार खत्म किया था। सेंसेक्स 1,022.50 अंक (1.21%) की छलांग लगाकर 85,609.51 पर बंद हुआ था, जबकि निफ्टी 320.50 अंक (1.24%) बढ़कर 26,205.30 पर बंद हुआ था।

# अब विदेशों में संपत्ति छिपाना पड़ेगा भारी

एजेंसी | नई दिल्ली

विदेशों में अपनी संपत्ति या आय छुपाकर टैक्स से बचने की कोशिश कर रहे करदाताओं पर अब आयकर विभाग शिकंजा कसने जा रहा है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने 'एनयूडीजीई' पहल के दूसरे चरण की शुरुआत की घोषणा की है, जिसके तहत ऐसे मामलों में स्वैच्छिक अनुपालन को मजबूती दी जाएगी और करदाताओं को समय रहते अपनी जानकारी सुधारने का अवसर मिलेगा। वित्त मंत्रालय के अनुसार, आयकर विभाग ने मूल्यांकन वर्ष 2025-26 के लिए ऐसे कई रिटर्न चिन्हित किए हैं, जिनमें विदेशी परिसंपत्तियों का पूरा विवरण नहीं दिया गया




है। विभाग 28 नवंबर से इन करदाताओं को एसएमएस व ई-मेल भेजना शुरू करेगा। उन्हें सलाह दी जाएगी कि संभावित दंड से बचने के लिए 31 दिसंबर 2025 तक संशोधित आयकर रिटर्न दाखिल कर दें। सीबीडीटी को विदेशी वित्तीय परिसंपत्तियों की जानकारी कॉमन रिपोर्टिंग स्टैंडर्ड (सीआरएस) और अमेरिका के FATCA सिस्टम के तहत मिलती है। इन सूचनाओं की तुलना आयकर रिटर्न से की जाती है, जिससे विसंगतियां पकड़ में आती हैं। विभाग का कहना है कि इस पहल का लक्ष्य रिटर्न में विदेशी परिसंपत्तियों (FA) और विदेशी स्रोत से आय (FSI) वाले हिस्सों में पूर्ण और सटीक जानकारी सुनिश्चित करना है। आयकर अधिनियम, 1961 और काला धन अधिनियम, 2015 के अंतर्गत विदेशी संपत्ति और आय का सही खुलासा कानूनी रूप से अनिवार्य है। आयकर विभाग ने पिछले वर्ष भी एईओआई व्यवस्था के तहत ऐसे करदाताओं को संदेश भेजे थे जिन्होंने अपने विदेशी खातों या निवेश का विवरण रिटर्न में शामिल नहीं किया था। इस कार्रवाई के बाद 24,678 करदाताओं ने अपने आईटीआर संशोधित किए थे।

# देश की राजधानी में जियो और एयरटेल बेस्ट

एजेंसी | नई दिल्ली

ट्राई द्वारा अक्टूबर में दिल्ली-एनसीआर में किए गए स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट में एयरटेल और रिलायंस जियो को सर्वश्रेष्ठ मोबाइल नेटवर्क सेवाओं वाला ऑपरेटर पाया गया है। वोडाफोन-आइडिया मध्यम श्रेणी में रहा, जबकि एमटीएनएल सबसे कमजोर साबित हुआ। परीक्षण में 402 किलोमीटर ड्राइव रूट, 14 हॉटस्पॉट और पैदल ट्रैक शामिल किए गए। इसमें कॉल सेटअप, कॉल ड्रॉप, वॉयस क्वालिटी, डाउनलोड-अपलोड स्पीड और लेटेंसी जैसे प्रमुख पैमानों का आंकलन किया गया। वॉयस सेवा में कॉल सेटअप सफलता दर एयरटेल 99.50%, जियो 99.30%, वीआई 98.59% और एमटीएनएल 86.53% रही। कॉल ड्रॉप दर में एयरटेल और जियो शून्य रहे, जबकि एमटीएनएल की ड्रॉप रेट सबसे अधिक 7.46% रही।

### वोडाफोन और एमटीएनएल की स्पीड स्लो




हाल ही में ट्राई (TRAI) द्वारा किए गए नेटवर्क स्पीड परीक्षण में देश के प्रमुख मोबाइल ऑपरेटर्स की इंटरनेट सेवाओं का मूल्यांकन किया गया। परीक्षण के परिणामों में जियो ने 249 एमबीपीएस की औसत डाउनलोड स्पीड के साथ सबसे तेज इंटरनेट सेवा प्रदान करने वाला प्रदाता साबित किया, जबकि एयरटेल ने 234 एमबीपीएस की स्पीड के साथ इसके क़रीबी नंबर पर स्थान हासिल किया। इसके विपरीत वीआई और एमटीएनएल काफी पीछे रह गए, जिनकी औसत डेटा स्पीड अपेक्षाकृत कम दर्ज की गई। विशेष रूप से 5जी हॉटस्पॉट क्षेत्रों में जियो ने सर्वाधिक डाउनलोड स्पीड दर्ज की, जिससे यह साबित हुआ कि जियो के नेटवर्क में उच्च बैंडविड्थ और बेहतर कवरेज उपलब्ध है। वहीं एमटीएनएल का मूल्यांकन केवल 3जी सेवाओं तक सीमित रहा क्योंकि यह 4जी और 5जी सेवाएं उपलब्ध नहीं कराता। इस कारण एमटीएनएल अन्य ऑपरेटर्स के मुकाबले काफी पीछे रहा। ट्राई का यह परीक्षण दिल्ली, द्वारका, पश्चिम विहार, गुरुग्राम और साइबर हब जैसे प्रमुख व्यस्त क्षेत्रों में किया गया।

WPL मेगा ऑक्शन

# ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों पर टिकी निगाहें



एजेंसी । नई दिल्ली

महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 के मेगा ऑक्शन में इस बार ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की मांग सबसे अधिक रहने की उम्मीद है। गुरुवार को होने वाली नीलामी के लिए 23 ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने नाम दर्ज किया है, जिनमें मौजूदा और पूर्व कप्तान एलिसा हीली व मेग लैनिंग भी शामिल हैं।

2023 के उद्घाटन सत्र के बाद यह लीग का पहला मेगा ऑक्शन होगा। इस बार मेगन शुट्ट, सोफी मोलिनेयू और टाहलिया मैकग्रा जैसे बड़े नाम नीलामी में नहीं होंगे, जबकि युवा तेज गेंदबाज डार्सी ब्राउन पहली बार ऑक्शन में उतरेंगी। नीलामी का आयोजन आज शाम 3:30 बजे दिल्ली में किया जाएगा।

डब्ल्यूपीएल इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी भारतीय बोली (स्मृति मंधाना – 3.4 करोड़) और विदेशी खिलाड़ी की सबसे ऊंची बोली (एशले गार्डनर – 3.2 करोड़) इस बार टूटने की उम्मीद जताई जा रही है, क्योंकि टीमों के पास इस बार बढ़ी हुई पर्स राशि उपलब्ध है।

## टीमों में होंगे बड़े बदलाव

इस बार फ्रेंचाइज़ियों ने अधिकतम पांच खिलाड़ियों को ही रिटेन किया है, जिसमें केवल दो विदेशी खिलाड़ियों को रखने की अनुमति थी। ऐसे में सभी टीमों की संरचना बड़े पैमाने पर बदलने की संभावना है। घोषित रिटेन खिलाड़ियों में चार ऑस्ट्रेलियाई शामिल हैं — एशले गार्डनर, बेथ मूनी (गुजरात जायंट्स), एलिस पेरी (आरसीबी) और एनेबल सदरलैंड (दिल्ली कैपिटल्स)। कुल 277 खिलाड़ी नीलामी में उतरेंगे, जिनमें 194 भारतीय और 83 विदेशी हैं। 73 स्लॉट खाली हैं, जिनमें से अधिकतम 23 विदेशी खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध होंगे।

## पहली बार RTM कार्ड का उपयोग

इस सीजन टीमों को राइट टू मैच (RTM) कार्ड का इस्तेमाल करने की अनुमति होगी, जिसके जरिए वे अपने पूर्व खिलाड़ियों को वापस ला सकती हैं। ऑक्शन WBBL सीजन के बीच हो रहा है, इसलिए हालिया प्रदर्शन बोली पर सीधा असर डालेगा।

मेग लैनिंग अपने धमाकेदार फॉर्म के चलते सबसे आकर्षक विकल्प होंगी। एलिसा हीली की फिटनेस चिंता का विषय है, जिससे शुरुआती बोली पर असर पड़ सकता है। फीबी लिचफील्ड अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के कारण युवा प्रतिभाओं में शीर्ष पसंद होंगी। जॉर्जिया वेयरहम बतौर ऑलराउंडर मजबूत दावेदार मानी जा रही हैं।

## जेस जोनासन ने हटाया नाम, चोट बनी वजह

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर जेस जोनासन चोटिल होने के कारण वुमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 की नीलामी में हिस्सा नहीं लेंगी। उनकी अनुपलब्धता की जानकारी गुरुवार को आयोजित प्री-ऑक्शन ब्रीफिंग के दौरान दी गई।

बाएं हाथ की स्पिनर जोनासन को डब्ल्यूपीएल 2023 की नीलामी में दिल्ली कैपिटल्स ने 50 लाख रुपये के बेस प्राइस पर खरीदा था। तब से वह टीम के लिए 24 मैच खेल चुकी हैं, जिसमें उन्होंने 295 रन बनाए और 33 विकेट हासिल किए। दिल्ली कैपिटल्स को लगातार तीन सीज़न फाइनल तक पहुंचाने में उनका अहम योगदान रहा है।

पांच बार की टी20 विश्व कप विजेता और 200 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेल चुकी जेस जोनासन की अनुपस्थिति दिल्ली की रणनीति व आगामी सत्र की तैयारियों के लिए बड़ा झटका मानी जा रही है।

# ग्रीस में रियल मैड्रिड की पहली ऐतिहासिक जीत

## चैंपियंस लीग: एमबाप्पे ने दागे चार गोल

एजेंसी । एथेंस



किलियन एमबाप्पे के शानदार चार गोल की बदौलत रियल मैड्रिड ने चैंपियंस लीग में ओलिम्पियाकोस को उसके घरेलू मैदान पर 4–3 से हराकर नई उपलब्धि हासिल की। यह ग्रीस में ओलिम्पियाकोस के खिलाफ रियल की पहली जीत है।

एमबाप्पे ने पहले हाफ में मात्र 6 मिनट 42 सेकेंड में अपनी हैट्रिक पूरी कर टूर्नामेंट इतिहास की दूसरी सबसे तेज हैट्रिक दागी। उनके प्रदर्शन ने रियल को तीन मैचों से जारी जीत के सूखे से बाहर निकाला और टीम को फिर से लय में लौटाया।

## रियल मैड्रिड 12 अंकों संग पांचवें स्थान पर

जीत के साथ रियल मैड्रिड 12 अंकों के साथ स्टैंडिंग में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है, जबकि शीर्ष आठ टीमें नॉकआउट में सीधे प्रवेश करेंगी। ओलिम्पियाकोस दो अंकों के साथ 33वें स्थान पर खिसक गया।

रियल के कोच जाबी अलोंसो ने इस जीत को टीम के मनोबल के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि ग्रीस में जीतना हमेशा खास होता है। उन्होंने एमबाप्पे की तारीफ करते हुए कहा कि उनका टीमवर्क और व्यक्तित्व भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितने उनके गोल। मैच में ओलिम्पियाकोस ने शुरुआत में बढ़त बनाई, लेकिन एमबाप्पे ने लगातार गोल कर मैच को रियल के पक्ष में मोड़ दिया। दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने आक्रामक खेल दिखाया, और ओलिम्पियाकोस ने अंतिम मिनटों तक संघर्ष किया, लेकिन बराबरी का गोल नहीं कर पाए। रियल मैड्रिड ने अंततः 4–3 से जीत दर्ज कर ग्रीस में अपने इतिहास का नया अध्याय लिखा।

न्यूज ब्रीफ

## सुरक्षा गार्ड की बेटी साक्षी ने 10 मीटर एयर राइफल में जीता स्वर्ण

**जयपुर।** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (केआईयूजी) राजस्थान 2025 में महाराष्ट्र की युवा शूटर साक्षी पाडेकर ने अदम्य साहस और संघर्ष की कहानी लिखते हुए महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीत लिया। आर्थिक मुश्किलों और शुरुआती संसाधनों की कमी के बावजूद साक्षी ने अपने दमदार प्रदर्शन से सबका ध्यान खींचा। साक्षी, जो आमतौर पर 50 मीटर राइफल इवेंट में हिस्सा लेती रही हैं, ने पहली बार 10 मीटर स्पर्धा में उतरकर स्वर्ण पर निशाना साधा। सुरक्षा गार्ड की बेटी साक्षी के लिए यह उपलब्धि उनके संघर्षों की जीत है। एनसीसी से जुड़ने के दौरान शूटिंग में रुचि जगी, पर राइफल किराए पर लेना और गोला-बारूद की व्यवस्था करना परिवार के लिए बड़ा आर्थिक बोझ था। बेटी के सपनों को टूटने नहीं देने के लिए मां ने अपने जेवर तक गिरवी रख दिए। लगातार संघर्षों के बीच उन्हें पुणे स्थित गगन नारंग स्पोर्ट्स फाउंडेशन की स्कॉलरशिप ने नई राह दिखाई। इसके बाद साक्षी ने 2024 महाराष्ट्र स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में जूनियर और सीनियर दोनों वर्गों में 50 मीटर राइफल 3-पोजिशन में स्वर्ण जीतकर अपनी क्षमता साबित की। वे जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप 2024, पेरू में भारत का प्रतिनिधित्व भी कर चुकी हैं। साल की शुरुआत में कलाई की चोट से जूझने के बाद भी साक्षी ने हार नहीं मानी।

## बिलियर्ड्स व स्नूकर चैंपियनशिप में प्रयागराज का दबदबा

**प्रयागराज।** राजा रामकुमार भार्गव स्मृति राज्य स्तरीय बिलियर्ड्स और स्नूकर चैम्पियनशिप में प्रयागराज के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अगले दौर में जगह पक्की कर ली। उत्तर प्रदेश बिलियर्ड्स एवं स्नूकर एसोसिएशन (यूपीबीएसए) के बैनर तले बिशप जॉर्ज स्कूल एवं कॉलेज में खेले जा रहे मुकाबलों में मोहम्मद राफे, सचिन यादव, अभिषेक केसरी और हम्माद रहमान ने जीत हासिल की। कानपुर के अहमर अली और ओवैश वारसी भी विजयी रहे।

कानपुर के अहमर अली ने लखनऊ के शोभित श्रीवास्तव को 3-1 से हराया। शुरुआती फ्रेम 36-50 से हारने के बाद अहमर ने लगातार तीन फ्रेम 57-19, 50-20 और 69-26 से जीत लिए। वहीं ओवैश वारसी ने प्रयागराज के मोहम्मद आदिल को 3-0 से मात दी। उन्होंने 60-36, 40-39 और 65-51 से तीनों फ्रेम जीतकर अपनी बढ़त मजबूत रखी।

WPL 2026 की तारीखें तय, नौ जनवरी से पांच फरवरी के खेला जाएगा चौथा संस्करण

## नवी मुंबई और वड़ोदरा में देखने को मिलेगी चौके-छक्के की बरसात



**नई दिल्ली।** महिला क्रिकेट के सबसे बड़े घरेलू मंच—महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल)—के चौथे संस्करण की तारीखों की घोषणा कर दी गई है। डब्ल्यूपीएल 2026 का आयोजन 9 जनवरी से 5 फरवरी तक होगा। इस बार लीग की मेजबानी नवी मुंबई और वडोदरा संयुक्त रूप से करेंगे। जानकारी की पुष्टि लीग चेयरमैन जयेश जॉर्ज ने दिल्ली में आयोजित प्लेयर ऑक्शन के दौरान की।

### पहला चरण नवी मुंबई तो फाइनल वडोदरा में

टूर्नामेंट की शुरुआत नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम से होगी, जहां शुरुआती चरण के मुकाबले खेले जाएंगे। इसके बाद प्रतियोगिता वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में स्थानांतरित होगी, जहां 5 फरवरी को खिताबी मुकाबला खेला जाएगा। यह पहली बार है जब डब्ल्यूपीएल जनवरी–फरवरी की अवधि में आयोजित होगा, जबकि इससे पहले सभी तीन सीज़न फरवरी–मार्च में खेले गए थे। नई समय-सारिणी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कैलेंडर से भी नहीं टकराएगी।

बॉ ली वु ड

## 'बैटल ऑफ गलवान' को मिली बड़ी डील



सलमान खान की पिछली फिल्म 'सिकंदर' भले ही बॉक्स ऑफिस पर अपेक्षित सफलता हासिल न कर पाई हो, लेकिन उनकी की फैन फॉलोइंग और उनकी अगली फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' को लेकर दर्शकों में भारी उत्सुकता नजर आ रही है। देशभक्ति पर आधारित इस बड़े स्केल के एक्शन ड्रामा को निर्देशक अपूर्व लाखिया बना रहे हैं, जिन्होंने आमिर खान की 'लगान' से निर्देशन की दुनिया में कदम रखा था। इस फिल्म को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है, जिसने इंडस्ट्री में हलचल मचा दी है। बॉक्स ऑफिस वर्ल्डवाइड की एक ताज़ा रिपोर्ट ने फिल्म इंडस्ट्री में सनसनी मचा दी है। रिपोर्ट के अनुसार, जियो स्टूडियोज ने सलमान खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' के सभी प्रमुख अधिकारों को लगभग 325 करोड़ रुपये की जबरदस्त रकम में खरीद लिया है। संगीत अधिकार, सैटेलाइट राइट्स, डिजिटल स्ट्रीमिंग राइट्स और थियेट्रिकल डिस्ट्रीब्यूशन राइट्स सभी शामिल हैं। यह सौदा न सिर्फ सलमान खान के करियर की सबसे बड़ी प्री-रिलीज़ डील में से एक माना जा रहा है, बल्कि हाल के वर्षों में हिंदी फिल्म उद्योग की भी प्रमुख मेगा-डील्स में गिना जा रहा है।

### सलमान की फिल्म के लिए बड़ी उम्मीदें

सालों से सलमान खान की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर 100 से 200 करोड़ रुपये तक की कमाई आराम से करती आई हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'बैटल ऑफ गलवान' भी अगर इसी रेंज की कमाई या उससे बेहतर प्रदर्शन करती है, तो जियो स्टूडियोज निर्माताओं को 325 करोड़ रुपये से अधिक राशि भी दे सकता है। हालांकि, यदि फिल्म अपेक्षित आंकड़ों तक नहीं पहुंच सकी, तो भुगतान की राशि उसी हिसाब से एडजस्ट की जाएगी। यह मॉडल हाल में बड़े बजट की फिल्मों में स्टूडियो द्वारा अपनाया जाने वाला एक सुरक्षित और व्यवहारिक तरीका बन चुका है।

# सस्पेंस से भरपूर 'रात अकेली है 2' का टीज़र रिलीज

बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी, जिन्होंने अपनी जबरदस्त एक्टिंग से 2020 की सुपरहिट क्राइम-थ्रिलर 'रात अकेली है' को एक कल्ट-स्टेट्स दिलाया था, अब उसी दुनिया को और भी ज़्यादा रहस्यमयी और गहरे अंदाज़ में आगे बढ़ाने लौट आए हैं। निर्माता सीक्वल के रूप में एक और रोमांचक किस्त लेकर आए हैं, जिसका शीर्षक है 'रात अकेली है 2' द बंसल मर्डर्स'। इस बार कहानी और भी पेचीदा है, केस और ज्यादा उलझा हुआ है और इंस्पेक्टर जटिल यादव का सामना ऐसे राज़ों से होगा जो रात की खामोशी से कहीं ज्यादा भयावह हैं।

निर्माताओं ने दर्शकों को ज्यादा इंतजार न कराते हुए फिल्म का दिलचस्प टीज़र जारी कर दिया है। टीज़र की एक लाइन, ₹इंस्पेक्टर जटिल का रात के अंधेरे से पुराना रिश्ता है, लेकिन बंसल हत्याकांड का मामला और भी गहरा है।₹ टीज़र ने दर्शकों में उत्सुकता की आग भड़का दी है। माहौल, बैकग्राउंड साउंड और नवाजुद्दीन का गंभीर अवतार बताता है कि यह सीक्वल कहीं ज्यादा तीखा और तीव्र होने वाला है।



### आईएफएफआई में होगा वर्ल्ड प्रीमियर

फिल्म को खास पहचान देने के लिए इसका वर्ल्ड प्रीमियर गोवा में 56वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) में रखा गया है, जहां देश-विदेश के समीक्षक और सिनेमाप्रेमी इसकी पहली झलक देखेंगे। यह कदम साफ संकेत देता है कि मेकर्स इस बार सिर्फ एक क्राइम-थ्रिलर नहीं, बल्कि एक दमदार सिनेमा अनुभव लेकर आ रहे हैं। कानपुर की पृष्ठभूमि पर आधारित यह फिल्म 19 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज की जाएगी। प्लेटफ़ॉर्म पर इसकी मौजूदगी इसे एक व्यापक अंतरराष्ट्रीय दर्शकवर्ग तक पहुंचने में मदद करेगी। सीक्वल के कलाकारों की लिस्ट भी उतनी ही मजबूत है जितनी पहली फिल्म की थी।



## 'शहज़ादी है तू दिल की' का प्रोमो रिलीज

स्टार प्लस का नया शो 'शहज़ादी है तू दिल की' अपने ताज़ा प्रोमो के साथ चर्चा में है, जिसमें धमाकेदार एक्शन और गहरी भावनाएं दोनों का जबरदस्त मेल दिखाई देता है। उत्तर भारत की गर्मजोशी और दक्षिण की सादगी को जोड़ती यह लव स्टोरी एक अनोखे रिश्ते की नींव रखती है।

शो में मशहूर तेलुगु स्टार अशिका पादुकोण हिंदी टीवी में डेब्यू कर रही हैं। वे दीपा के रूप में एक मजबूत, संघर्षशील और संवेदनशील महिला का किरदार निभा रही हैं। उनके साथ हैं अंकित राइज़ादा, जो कार्तिक के शांत लेकिन दमदार अंदाज़ से दीपा की शख्सियत को खूबसूरती से संतुलित करते हैं। प्रोमो में दीपा की कठिन जिंदगी दिखाई गई है, शराबी पति, आर्थिक बोझ और रोज़ का संघर्ष। हिंसा बढ़ने पर कार्तिक उसकी मदद करता है, लेकिन दीपा अपने आत्मसम्मान पर अडिग रहती है। दोनों की यही भावनात्मक केमिस्ट्री शो की सबसे बड़ी ताकत है। 'शहज़ादी है तू दिल की' का प्रीमियर 4 दिसंबर को शाम 7:30 बजे स्टार प्लस पर।

## पति धर्मेंद्र को याद कर भावुक हुईं हेमा मालिनी, लिखा भावुक पोस्ट



बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का 24 नवंबर को 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके जाने से पूरा फिल्म उद्योग और देश दुनिया में मौजूद उनके चाहने वाले शोक में डूब हुए हैं। देओल परिवार की ओर से आधिकारिक बयान का इंतजार किया जा रहा था, जो अब सामने आ चुका है। अभिनेत्री और धर्मेंद्र की पत्नी हेमा मालिनी ने अपने दिवंगत पति को याद करते हुए सोशल मीडिया पर एक बेहद भावुक पोस्ट शेयर की है, जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे धर्मेंद्र हमेशा उनके और बेटियों ईशा देओल व अहाना देओल के मजबूत सहारे बने रहे। हेमा ने धर्मेंद्र की एक पुरानी तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, धरम जी मेरे लिए बहुत कुछ थे। एक प्यारे पति, हमारी दोनों बेटियों ईशा और अहाना के दुलारे पिता, मेरे दोस्त, दार्शनिक, मार्गदर्शक, कवि जरूरत के हर वक्त मेरे साथ रहने वाले इंसान। सच कहूं तो वे मेरे लिए सबकुछ थे। अच्छे-बुरे हर दौर में वे मेरे साथ मजबूती से खड़े रहे। वे मेरे परिवार के हर सदस्य के प्रिय थे और हमेशा उन पर अपना स्नेह बनाए रखते थे।₹

अभिनेत्री ने आगे लिखा, एक सार्वजनिक व्यक्तित्व होने के बावजूद उनकी विनम्रता अनोखी थी। उनकी प्रतिभा, लोकप्रियता और सादगी ने उन्हें दिग्गजों में भी एक अलग पहचान दी। फिल्म जगत में उनकी उपलब्धियां और योगदान हमेशा याद रखे जाएंगे। मेरे लिए यह व्यक्तिगत क्षति अपार है। उनके जाने से जो खालीपन पैदा हुआ है, वह जीवनभर मेरे साथ रहेगा।

*बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को भ्रष्टाचार के तीन मामलों में कोर्ट ने सुनाई सजा*

# फांसी की सजा पा चुकी हसीना को 21 साल की कैद

**एजेंसी । ढाका**

बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना एक बार फिर कानून के शिकंजे में आ गई हैं। राजधानी ढाका की एक विशेष अदालत ने बुधवार दोपहर उन्हें जमीन आवंटन से जुड़े भ्रष्टाचार के तीन मामलों में कुल 21 वर्ष की सजा सुनाई। ये मामले राजुक न्यू टाउन प्रोजेक्ट (पूर्वांचल) में 30 कट्ठा सरकारी भूमि के कथित अवैध आवंटन से संबंधित हैं। शेख हसीना के खिलाफ चल रहे कुल आधा दर्जन मामलों मेंतीन में सजा सुनाई जा चुकी है।



### प्रत्येक मामले में 7-7 वर्ष की सजा

ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक, विशेष अदालत-5 के जज मोहम्मद अब्दुल्ला अल मामून ने हसीना को तीनों मामलों में सात-सात साल कैद की सजा दी। अदालत ने अन्य आरोपितों को भी विभिन्न अवधि की सजाएँ सुनाईं। तीनों मामलों में कुल 47 लोग आरोपी थे। पहले मामले में हसीना समेत 12 आरोपी, दूसरे में हसीना, उनके बेटे सजीब वाजेद जॉय सहित 17 आरोपी और तीसरे में हसीना, उनकी बेटी साइमा वाजेद पुतुल सहित 18 आरोपी हैं। यह फैसला हसीना, उनके परिवार और अधिकांश आरोपियों की गैरमौजूदगी में सुनाया गया।

### पहले भी मिल चुकी है कठोर सजा

यह पहली बार नहीं है जब अपदस्थ प्रधानमंत्री पर कार्रवाई हुई है। 17 नवंबर को बांग्लादेश के आपराधिक न्यायाधिकरण-1 ने अलग मामले में हसीना को मौत की सजा सुनाई थी। इसके बाद से हसीना और उनका परिवार सभी मामलों में अनुपस्थित है। बांग्लादेश की राजनीति में भूचाल लाने वाले इस फैसले पर अंतरराष्ट्रीय हलकों की भी नजर है, क्योंकि लंबे समय तक सत्ता में रहीं शेख हसीना अब लगातार कानूनी संकटों से घिरती जा रही हैं।

### परिवार पर भी अदालत की सख्ती

फैसले में अदालत ने कहा कि विवादित भूखंड बिना किसी औपचारिक आवेदन और अवैध तरीके से हसीना को आवंटित किया गया था। अदालत ने उनके बेटे सजीब वाजेद जॉय को पांच साल कैद और एक लाख टका जुर्माने की सजा दी, जबकि उनकी बेटी साइमा वाजेद पुतुल को भी पांच साल की कैद की सजा सुनाई गई। बांग्लादेश के भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (ACC) ने जनवरी में हसीना और अन्य के खिलाफ कुल छह मामले दर्ज किए थे। आज तीन मामलों में फैसला आया है, जबकि शेष तीन मामलों पर अदालत 1 दिसंबर को निर्णय देगी।

### शेख हसीना के खिलाफ छह मामलों की सूची

**1. राजुक न्यू टाउन प्रोजेक्ट**
**अभियोग:** 30 कट्ठा सरकारी जमीन का गैरकानूनी आवंटन।
**सजा:** 7 साल जेल
अन्य आरोपी: शेख हसीना सहित 12 लोग
**फैसला:** विशेष अदालत-5, ढाका

**2. राजुक न्यू टाउन प्रोजेक्ट**
**अभियोग:** सरकारी भूमि आवंटन में भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग
**सजा:** शेख हसीना को 7 साल जेल
**अन्य आरोपी:** 17 लोग, जिसमें उनके बेटे सजीब वाजेद जॉय शामिल
**फैसला:** विशेष अदालत-5, ढाका

**3. राजुक न्यू टाउन प्रोजेक्ट**
**अभियोग:** सरकारी भूमि को अनैतिक तरीके से निजी लाभ के लिए आवंटित करना
**सजा:** शेख हसीना को 7 साल, बेटी को 5 साल
**अन्य आरोपी:** 18 लोग
फैसला: विशेष अदालत-5, ढाका

**4. आपराधिक न्यायाधिकरण**
**अभियोग:** विशेष भ्रष्टाचार और सरकारी पद का दुरुपयोग
**सजा:** मौत की सजा
स्थिति: 17 नवंबर 2025 को सुनाया गया, अलग कोर्ट
**अन्य आरोपी:** परिवार के सदस्य भी शामिल

**5. और 6. अन्य तीन मामले**
ये भी राजुक न्यू टाउन प्रोजेक्ट या अन्य सरकारी भूमि आवंटन से संबंधित हैं।
**स्थिति:** सुनवाई 1 दिसंबर 2025 को तय है।
**मूल आरोप:** सरकारी भूमि का दुरुपयोग, भ्रष्टाचार, मनी लॉन्ड्रिंग

# अंतरिक्ष के क्षेत्र में युवाओं के लिए खुल रहे नये अवसर : नरेंद्र मोदी

▶▶ प्रधानमंत्री ने स्काईरूट के 'इन्फिनिटी कैंपस' का किया उद्घाटन



**एजेंसी । नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भारतीय निजी अंतरिक्ष स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस के अत्याधुनिक इन्फिनिटी कैंपस का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र अब तेज़ी से बदल रहा है और युवाओं—विशेषकर जेन Z—के लिए अभूतपूर्व अवसर पैदा कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में सरकार द्वारा अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने के फैसले ने युवा उद्यमियों, इंजीनियरों और नवाचारकर्ताओं को नई उड़ान दी है। उन्होंने कहा कि भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल है जिनके पास अत्याधुनिक लॉन्च साइट्स, मजबूत इंजीनियरिंग क्षमताएं और अभिनव उत्पादन प्रणाली मौजूद है। मोदी ने कहा, "भारत का अंतरिक्ष पारितंत्र अब पहले से अधिक खुला, सहयोगी और नवाचार-प्रधान बन चुका है। यही कारण है कि देश की युवा शक्ति अब जोखिम लेने को तैयार है और नए आयाम स्थापित कर रही है।"

### आर्बिटल राकेट विक्रम-1 का अनावरण

इन्फिनिटी कैंपस में लगभग 20,000 वर्ग फुट का कार्यक्षेत्र विकसित किया गया है, जहां बहु-प्रक्षेपण वाहनों के डिजाइन, विकास, एकीकरण और प्रशिक्षण की सुविधाएं होंगी। यह केंद्र प्रति माह एक कक्षीय रॉकेट तैयार करने की क्षमता रखता है। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान स्काईरूट के पहले ऑर्बिटल रॉकेट विक्रम-1 का अनावरण भी किया, जो उपग्रहों को कक्षा में स्थापित करने में सक्षम है।

### दुनियाभर में छोटे उपग्रहों की मांग

इसरो की दशकों की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इसरो ने न केवल भारत की अंतरिक्ष यात्रा को नई दिशा दी है, बल्कि वैश्विक स्तर पर भरोसेमंद तकनीकी साझेदार के रूप में देश की छवि मजबूत की है। उन्होंने बताया कि विश्व में छोटे उपग्रहों की मांग तेज़ी से बढ़ रही है और आने वाले वर्षों में अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था कई गुना विस्तार देखने वाली है—जो भारतीय युवाओं के लिए बड़ी संभावनाएं लेकर आएगी।

## न्यूज़ ब्रीफ

### मुठभेड़ में हत्यारा ढेर, कांस्टेबल घायल

**चंडीगढ़।** पंजाब के फिरोजपुर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यकर्ता का हत्या आरोपित फाजिल्का में मुठभेड़ के दौरान ढेर हो गया। पुलिस का दावा है कि आरोपित अपने ही साथियों की गोली का शिकार हुआ है। पंजाब के फिरोजपुर में बीती 15 नवंबर को आरएसएस कार्यकर्ता नवीन अरोड़ा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने बादल तथा कनव को गिरफ्तार किया था। डीआईजी एचएस गिल ने बताया कि फिरोजपुर के डीएसपी सिटी, डीएसपी डिटेक्टिव तथा सीआईए टीम बादल को लेकर रिकवरी के लिए शमशान घाट के पास पहुंची, तभी आरोपितों के साथियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। इस फायरिंग में पंजाब पुलिस के हेड कांस्टेबल बलौर सिंह भी घायल हो गए। इसी बीच हत्या आरोपित बादल अपने ही साथियों की गोली का निशाना बनकर मौके पर ढेर हो गया। पुलिस ने घायल कांस्टेबल को अस्पताल में भर्ती कराकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### 32 नये क्लीन-टेक स्टार्टअप्स को मंजूरी

**नई दिल्ली।** शहरी क्षेत्रों में कचरा प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए केंद्र सरकार ने आईआईटी कानपुर के सहयोग से 32 नए क्लीन-टेक स्टार्टअप्स की शुरुआत की है। यह पहल शहरों में वेस्ट मैनेजमेंट के लिए सस्ती और प्रभावी तकनीक तैयार करने पर केंद्रित है। मंत्रालय के अनुसार, इससे पहले लॉन्च किए गए 30 स्टार्टअप्स 500 करोड़ रुपये से अधिक का वैल्यूएशन हासिल कर चुके हैं और 2,000 से अधिक लोगों को रोजगार दे चुके हैं। नए चुने गए स्टार्टअप्स सर्कुलर वेस्ट मैनेजमेंट, सेग्रीगेशन जैसे क्षेत्रों में नई तकनीकें विकसित करेंगे। केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन-अर्बन ने कचरा प्रबंधन में तकनीक आधारित बदलावों की रफ्तार बढ़ाई है। मंत्रालय का लक्ष्य है कि स्टार्टअप्स, शहरी निकायों और निवेशकों को एक मंच पर लाकर स्थानीय स्तर पर उपयोगी तकनीक को बढ़ावा दिया जाए।

### मुठभेड़ में बब्बर खालसा का आतंकी गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** गुरदासपुर में कांग्रेस नेता की दुकान पर फायरिंग करने के मामले में फरार चल रहा बब्बर खालसा इंटरनेशनल का आतंकी कंवलजीत सिंह उर्फ लवजीत को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई में आरोपी घायल हो गया, जिसके बाद उसे दबोच लिया गया। बटाला के एसएसपी मेहताब सिंह ने बताया कि आरोपी के पास से एक पिस्तौल और घटना में उपयोग की गई मोटरसाइकिल बरामद हुई है। उन्होंने बताया कि 21 नवंबर को बटाला शहर में गौतम गुड्डू सेठ की मोबाइल दुकान पर दो मोटरसाइकिल सवार युवकों ने गोलियां चलाई थीं, जिसके बाद से कंवलजीत की तलाश जारी थी।

# कर्नाटक कांग्रेस में जल्द हल होगा सत्ता का विवाद

**एजेंसी । बेंगलुरु/दिल्ली**

कर्नाटक कांग्रेस में मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री पदों की सत्ता साझेदारी को लेकर बढ़ते विवाद के बीच पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे गुरुवार को दिल्ली पहुंचे। वे इंदिरा गांधी भवन में प्रस्तावित उच्चस्तरीय बैठक में हिस्सा लेंगे, जिसमें कर्नाटक के नेतृत्व और सत्ता हस्तांतरण के सभी पहलुओं पर चर्चा होने की संभावना है। दिल्ली रवाना होने से पहले बेंगलुरु में मीडिया से बातचीत में खरगे ने कहा, मैं पार्टी के तीन से चार शीर्ष नेताओं से सलाह-मशविरा करूंगा। आलाकमान सभी मुद्दों पर उचित निर्णय लेगा। मुख्यमंत्री-उपमुख्यमंत्री के समीकरण और सत्ता हस्तांतरण से जुड़े सवालों पर भी स्पष्ट फैसला लिया जाएगा। उन्होंने यह भी साफ किया कि कांग्रेस में फैसले किसी एक व्यक्ति द्वारा नहीं, बल्कि सामूहिक चर्चा के बाद लिए जाते हैं। कर्नाटक में पिछले कुछ दिनों से सत्ता हस्तांतरण और नेतृत्व साझा करने का मुद्दा गरमाया हुआ है।



**मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा- सत्ता साझेदारी विवाद पर आलाकमान जल्द सुलझाएगा मामला**

*लाहौल-स्पीति, ताबो, कुकुमसेरी में पारा शून्य से कई डिग्री नीचे*

# पेयजल की पाइपलाइन में जमने लगा पानी

**एजेंसी । शिमला**

हिमाचल प्रदेश में शीतलहर लगातार तेज हो रही है और मैदानी व निचले इलाकों में कोहरे ने जनजीवन को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। गुरुवार सुबह प्रदेश के कई हिस्सों में घना कोहरा छाया रहा, जिससे यातायात प्रभावित हुआ और दृश्यता बेहद कम हो गई। सुंदरनगर में दृश्यता केवल 70 मीटर, जबकि बिलासपुर और मंडी में 150 मीटर दर्ज की गई। लाहौल-स्पीति में पारा शून्य से कई डिग्री नीचे जा चुका है। उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में सर्दी चरम पर पहुंच चुकी है। ताबो में –7.3 डिग्री और कुकुमसेरीः –5.7 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। इन इलाकों में पाइपलाइनें जमने लगी हैं और सुबह-शाम घर से निकलना मुश्किल हो रहा है। कल्पा में तापमान 0.4 डिग्री, मनाली में 1.7 डिग्री, भुंतर में 1.8 डिग्री और सियोबाग में 1.2 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने 28 और 29 नवंबर के लिए बिलासपुर और मंडी में घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। राज्य में औसत न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री नीचे चला गया है और पिछले 24 घंटों में इसमें 0.4 डिग्री की कमी दर्ज की गई है। इस महीने बारिश लगभग न के बराबर होने से सूखी ठंड और अधिक असर दिखा रही है।




### तीन दिसंबर तक बारिश-बर्फबारी की संभावना नहीं

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय न होने से अगले एक सप्ताह तक प्रदेश में बारिश या बर्फबारी की उम्मीद नहीं है। दिन में धूप खिली रहेगी, लेकिन सुबह और शाम ठंड और कोहरे से राहत की संभावना बेहद कम है। स्वास्थ्य विभाग ने बुजुर्गों और बच्चों को सतर्क रहने की सलाह दी है, जबकि पुलिस ने कोहरे के चलते सड़क दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए वाहन चालकों से गति नियंत्रित रखने और फॉग लाइट का इस्तेमाल करने की अपील की है। गौरतलब है कि बीते साल आठ दिसंबर, 24 दिसंबर और 25-26 दिसंबर को हिमाचल के कई हिस्सों में भारी बर्फबारी हुई थी।

**प्रमुख शहरों का न्यूनतम तापमान**
- **सुंदरनगर:** 2.9
- **पालमपुर:** 4.0
- **नारकंडा:** 4.5
- **हमीरपुर:** 5.1
- **मंडी:** 5.2
- **कांगड़ा:** 5.5
- **शिमला:** 6.0
- **बिलासपुर:** 7.5
- **कसौली:** 8.1
- **नाहन:** 9.6
- **पांवटा साहब:** 11.0

# दस राज्यों में एक साथ ED का छापा

▶▶ मेडिकल कॉलेजों में मंजूरी के बदले रिश्वत का आरोप, 15 जगहों पर की गई छापेमारी



**एजेंसी । नई दिल्ली**

मेडिकल कॉलेजों को पाठ्यक्रम चलाने के लिए शैक्षणिक मंजूरी देने में कथित रिश्वतखोरी के मामले की जांच तेज करते हुए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को देशभर में व्यापक छापेमारी की। मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत एजेंसी ने 10 राज्यों में 15 ठिकानों पर एक साथ कार्रवाई की है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश और दिल्ली में की गई। मामले में 30 जून 2025 को मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (PMLA) के तहत दर्ज एफआईआर के बाद ईडी ने यह बड़ी कार्रवाई शुरू की है। सूत्रों का कहना है कि जांच कथित तौर पर राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (NMC) और कुछ सरकारी अधिकारियों को दिए गए रिश्वत के उस नेटवर्क पर केंद्रित है, जिसके माध्यम से मेडिकल कॉलेजों को कोर्स मंजूरी दिलाने में अनियमितताएं बरती गईं।

# गुजरात की सड़कों के लिए 20,000 करोड़ मंजूर

▶▶ गुजरात के हाईवे विकास को बड़ा प्रोत्साहन दे रही केंद्र सरकार

▶▶ गुजरात पहुंचे केंद्रीय मंत्री ने बस से सफर कर जानी विकासकी हकीकत



**एजेंसी । गांधीनगर/सूरत**

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर हैं, जहां वे प्रदेश में चल रहे हाइवे और एक्सप्रेस-वे प्रोजेक्ट्स की विस्तृत समीक्षा कर रहे हैं। कई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का निरीक्षण करते हुए उन्होंने घोषणा की कि केंद्र सरकार गुजरात में सड़क मरम्मत, चौड़ीकरण और नई परियोजनाओं के लिए 20,000 करोड़ की मंजूरी दे रही है।

### जमीनी हकीकत जानने के लिए बस से सफर

गुरुवार को सूरत पहुंचने के बाद गडकरी सीधे दक्षिण गुजरात के निरीक्षण पर रवाना हुए। उन्होंने करीब बस में बैठकर सड़क की गुणवत्ता, सतह और मजबूती को स्वयं परखा। उनके साथ एनएचएआई अधिकारी और तकनीकी विशेषज्ञ भी मौजूद रहे। गडकरी ने कहा कि दफ्तर से लिए गए निर्णय मैदान पर जरूरी समस्याओं को नहीं बता पाते, इसलिए वे खुद हाईवे पर चलकर यात्रियों की दिक्कतों को समझना चाहते हैं। उनका यह निरीक्षण दक्षिण गुजरात की सड़क व्यवस्था सुधारने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

### एनएच-48 के इंटरचेंज की डिजाइन पर उठी आवाज

नितिन गडकरी निर्माण, डिजाइन, ट्रैफिक प्रबंधन और स्थानीय शिकायतों की मौके पर समीक्षा भी करेंगे। उन्होंने कहा कि यह दौरा केवल समीक्षा नहीं, बल्कि परियोजनाओं में आ रही बाधाओं के तुरंत समाधान के लिए है। सूरत सहित दक्षिण गुजरात के लोगों की सबसे बड़ी चिंता एनएच-48 और दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे को जोड़ने वाले इंटरचेंज की गलत डिजाइन है, जिसके कारण लंबे ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती है। स्थानीय लोगों की मांग है कि गडकरी इस मुद्दे पर त्वरित कार्रवाई करें। दौरे से पहले बुधवार को गडकरी ने गांधीनगर में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और विभागीय अधिकारियों से मुलाकात की। बैठक में मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य के हाइवे पर वाहन भार 35% तक बढ़ गया है, ऐसे में मरम्मत और विस्तार बेहद जरूरी हैं। उन्होंने अहमदाबाद-मुंबई, राजकोट-गोंडल-जेतपुर और अहमदाबाद-उदयपुर मार्गों का काम तेजी से पूरा करने का अनुरोध किया।

# ट्रंप का बड़ा फैसला: G-20 सम्मेलन से साउथ अफ्रीका बाहर

▶▶ अगले वर्ष मियामी में होगा जी-20 सम्मेलन

▶▶ सब्सिडी और सरकारी भुगतान भी रोके गए



**एजेंसी । वाशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय कूटनीति को झकझोर देने वाला बयान दिया। उन्होंने घोषणा की कि अगले वर्ष फ्लोरिडा के मियामी में आयोजित होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में दक्षिण अफ्रीका को आमंत्रण नहीं दिया जाएगा। ट्रंप ने साथ ही दक्षिण अफ्रीका के लिए जारी सभी अमेरिकी सब्सिडी और सरकारी भुगतान तत्काल प्रभाव से रोकने के आदेश भी जारी कर दिए।

### जी-20 में तनाव की पृष्ठभूमि

ट्रंप हाल के महीनों में दक्षिण अफ्रीका की नीतियों को लेकर लगातार आलोचनात्मक रुख अपनाए हुए हैं। विशेष रूप से देश में श्वेत किसानों के कथित उत्पीड़न के मुद्दे पर उन्होंने दक्षिण अफ्रीकी सरकार पर कड़े आरोप लगाए थे। इसी विवाद के चलते अमेरिका ने हाल ही में दक्षिण अफ्रीका में सम्पन्न जी-20 शिखर सम्मेलन का बहिष्कार भी किया था। राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि दक्षिण अफ्रीका को 2026 जी-20 सम्मेलन का निमंत्रण नहीं दिया जाएगा।

# रेलवे में 'हलाल प्रमाणित भोजन' का कोई नियम नहीं

**एजेंसी । नई दिल्ली**

**विवाद के बाद रेल मंत्री ने किया स्पष्ट**

ट्रेनों में हलाल प्रमाणित भोजन परोसे जाने को लेकर उठे विवाद पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्पष्ट किया है कि भारतीय रेलवे ने हलाल प्रमाणन से जुड़ा कोई निर्देश कभी जारी नहीं किया। उन्होंने कहा कि गाड़ियों में ऐसे उत्पाद कैसे पहुंचे, इसकी जांच कराई जाएगी। रेल भवन में संवाददाताओं से बातचीत में वैष्णव ने कहा कि रेलवे केवल भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के दिशानिर्देशों का पालन करता है। "हलाल प्रमाणन की न तो कोई आवश्यकता है और न ही कोई बाध्यता। जो विवाद सामने आया है, वह एक पुराने वीडियो के आधार पर है। वीडियो में दिखाए गए चाय पैकेट पर हलाल लिखा मिलने की भी जांच होगी," उन्होंने जोड़ा।

*तमिलनाडु की राजनीति में नई हलचल: टीवीके के हुए केए सेंगोट्टैयन*

# के.ए. सेंगोट्टैयन ने विधायकी से दिया इस्तीफा

### साउथ सिनेमा के सुपरस्टार विजय ने किया गर्मजोशी से स्वागत

**एजेंसी । चेन्नई**

तमिलनाडु की राजनीति में गुरुवार को बड़ा बदलाव देखने को मिला, जब एआईएडीएमके से निष्कासित वरिष्ठ नेता और नौ बार के विधायक के.ए. सेंगोट्टैयन तमिल सुपरस्टार विजय की पार्टी तमिलागा वेट्टी कझगम (टीवीके) में शामिल हो गए। उन्होंने यह कदम एआईएडीएमके की सदस्यता समाप्त होने के बाद अपने विधानसभा क्षेत्र गोबिचेट्टिपालयम से विधायक पद से इस्तीफा देने के मात्र 24 घंटे बाद उठाया। टीवीके प्रमुख विजय ने सेंगोट्टैयन का स्वागत करते हुए उन्हें गुलदस्ता और पार्टी सदस्यता कार्ड सौंपा। इस दौरान एआईएडीएमके की पूर्व सांसद सत्यभामा भी मौजूद रहीं।



### अनुभव और जनसमर्थन बनेगा ताकत : विजय

सिने स्टार विजय ने सेंगोट्टैयन के शामिल होने पर जारी एक वीडियो संदेश में कहा, "सेंगोट्टैयन जी पिछले पांच दशकों से जनआंदोलन का हिस्सा रहे हैं। उनका अनुभव, समर्पण और जनता के बीच मजबूत पकड़ टीवीके को नई ऊर्जा देगी।" उन्होंने यह भी याद दिलाया कि किस तरह एम.जी.आर. ने मात्र 20 वर्ष की उम्र में सेंगोट्टैयन को राजनीति में अवसर देकर विधायक बनाया था।

### AIADMK से दूरी और नया राजनीतिक अध्याय

एआईएडीएमके महासचिव ई.के. पलानीस्वामी ने गत अक्टूबर में सेंगोट्टैयन को पार्टी-विरोधी गतिविधियों के आरोप में निष्कासित कर दिया था। मामले ने तब तूल पकड़ा जब सेंगोट्टैयन ने पलानीस्वामी पर तानाशाही शैली में काम करने का आरोप लगाया और फैसला अदालत में चुनौती देने की बात कही थी। आज के बदलाव पर प्रतिक्रिया देने से पलानीस्वामी ने इनकार कर दिया।